PANORA 2026
THE PROPERTY FEST
Date
10-11th April, 2026
Time
10 am to 8:00 pm
Venue
Nirvana Luxury Hotel, Ludhiana

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 76 | MONDAY 30-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## कारपोरेशन जोन-ए की बिल्डिंग ब्रांच ने गुगलों से मिट्टी झाड़ी

# भदौड़ हाउस में एससीओ की जमीन पर बने हैं 4 आलीशान होटल, हाईकोर्ट को गुमराह करने की साजिश कर रहे निगम अधिकारी

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। लुधियाना कारपोरेशन के जोन-ए की बिल्डिंग ब्रांच के आए दिन नए कारनामे निकलकर सामने आते हैं। जहां पहले पुरानी कोतवाली एरिया में इललीगल इमारत बनने के बावजूद उसे सील नहीं किया। वहीं दूसरी तरफ पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों पर भदौड़ हाउस में बने आलीशान होटलों पर कार्रवाई तो की, लेकिन वह भी फिर सिर्फ गुगलों से मिट्टी झाड़ने के बराबर। दरअसल, भगौड़ हाउस में चार आलीशान होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल और होटल सरताज बने हैं। लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट द्वारा यह एससीओ बेचे गए थे। होटल मालिकों ने कई एससीओ पहले आपस में जोड़ डाले और फिर उन्हें तोड़कर वहां 5 से 6 मंजिलां आलीशान होटल बना दिए। लेकिन शनिवार को बिल्डिंग ब्रांच के एटीपी कपिल देव, बिल्डिंग इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़, हेड ड्राफ्टमैन जगदीप सिंह, ड्राफ्टमैन गुरमीत सिंह की अगुवाई में होटल पूरी तरह सील करने की जगह उनके कुछ कमरे ही सील किए। ताकि कोर्ट में अगली तारीख सात अप्रैल को यह दिखाया जा सके कि उन्होंने कार्रवाई कर दी है। लेकिन नियमों के मुताबिक इन होटलों के कुछ कमरे नहीं बल्कि पूरे होटल ही नॉन कंपाउंडेबल है। ऐसे में होटल पूरी तरह से सील करने बनते थे। चर्चा है कि अधिकारियों द्वारा होटल मालिकों के साथ सांठगाठ करके हाईकोर्ट को गुमराह करने की साजिश रची जा रही है।



होटल नीलकंठ भी पूरी तरह से इललीगल


होटल विक्रांत



होटल ग्रेट वॉल



होटल महारा



होटल सरताज

### उच्च अधिकारियों को किया जा रहा गुमराह

निगम कमिश्नर नीरू कत्याल द्वारा अवैध बिल्डिंगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए अधिकारियों को बिना लापरवाही के कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। लेकिन बिल्डिंग ब्रांच के एटीपी से लेकर नीचे सत्र के अधिकारियों द्वारा इन होटलों के कुछ कमरे ही नॉन कंपाउंडेबल बता उन्हें सील कर दिया। जिसमें होटल नील कंठ, होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल और होटल सरताज शामिल है। जिनकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दी। लेकिन असलियत में इनके कमरे नहीं बल्कि पूरी बिल्डिंगें ही इललीगल होने के चलते सील करनी बनती है। मगर मुलाजिमों द्वारा अधिकारियों को यह सच्चाई न बताकर गुमराह किया जा रहा है।

### ट्रस्ट द्वारा बेचे गए थे एससीओ, फिर बने होटल

जानकारी के अनुसार उक्त जमीन लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की थी। ट्रस्ट द्वारा वहां एससीओ (शॉप कम ऑफिस) बनाकर बेचे गए थे। जिसमें एक ग्राउंड फ्लौर और उसके ऊपर एक फ्लौर और बना था। उससे ऊपर निर्माण इललीगल है। होटल मालिकों द्वारा तब तो एससीओ ही लिए गए। लेकिन बाद में होटल मालिकों द्वारा बिना नक्शा पास करवाए इल्लीगल तरीके से पहले तो 3-4 एससीओ आपस में मिला लिए गए। फिर उन्हें तोड़कर वहां 5-6 मंजिलां होटल बना दिए। जहां पर आज आलीशान होटल विक्रांत, होटल महाराजा, होटल ग्रेट वॉल और होटल सरताज बने हुए हैं।

### २ साल से अफसर नहीं कर पाए आधा किमी. की दूरी तय

बता दें कि यूटर्न टाइम अखबार की और से दो साल पहले यानि कि मई 2024 में ही इन होटलों के इललीगल होने का खुलासा कर दिया था। तब तीन बार निगम कमिश्नर और बिल्डिंग ब्रांच को भी इसकी शिकायत हुई थी। लेकिन दो साल निगम अफसर आधा किलोमीटर की दूरी तय नहीं कर पाए। अब दूरी तय हुई तो कार्रवाई अधूरी की गई। शहर में यह भी चर्चा है कि निगम अफसरों द्वारा हर बार हाईकोर्ट के आदेशों या शिकायत होने पर ही कार्रवाई क्यों की जाती है। क्या उससे पहले उनका खुद का कोई और मोटिव होता है या ड्यूटी सही से नहीं निभाई जा रही।

### सैकड़ों लोगों की जान को खतरे में डाल सकते हैं होटल

यह चारों होटल सेफ्टी मानकों पर भी खर्रे नहीं उतर सके हैं। चारों होटलों में न तो हाउसलेन है और न ही सेफ्टी के पुख्ता प्रबंध है। ऐसे में अगर कभी कोई घटना हुई तो सैकड़ों लोगों की जान को खतरे में पड़ जाएगी। फायर विभाग को भी इस संबंधी शिकायत हुई थी। फायर विभाग ने खुद इंस्पेक्शन कर अपनी रिपोर्ट में इन होटलों को सेफ्टी मानकों में फेल बताया था। एफएसओ मनिंदर सिंह द्वारा होटल मालिकों को दो बार 10 जनवरी 2024 और फिर 22 फरवरी 2024 को नोटिस भेजे। फिर 22 अप्रैल 2024 को सीलिंग के आदेश हुए। मगर बाद में फायर अफसरों की मालिकों के साथ सेटिंग हो गई और एफएसओ मनिंदर सिंह ने कह दिया कि होटल मालिकों ने सेफ्टी प्रबंधों का आश्वासन देने के चलते कार्रवाई नहीं होगी। लेकिन आज तक प्रबंध नहीं हो सके।

### होटल नीलकंठ भी पूरी तरह से इललीगल

बिल्डिंग ब्रांच द्वारा इन चार होटलों के अलावा होटल नीलकंठ पर भी कार्रवाई की है। बता दें कि घंटा घर के नजदीक गली में बना होटल नीलकंठ भी पूरी तरह से अवैध है। बिल्डिंग बॉयलाज के उल्ट बने इस होटल पर कभी एक्शन नहीं हुआ। वहीं फायर विभाग के पूर्व फायर स्टेशन अफसर करतार सिंह और पूर्व एडीएफओ सवरन चंद द्वारा इललीगल तरीके से होटल को फायर एनओसी जारी की थी। जिसकी शिकायत हुई और लोकल बॉडी विभाग ने दोनों अधिकारियों खिलाफ चारशीट पेश कर एक्शन लिया। वहीं होटल की एनओसी भी कैंसिल कर दी गई।

### क्या उच्च अधिकारी करवाएंगे सही से एक्शन

वहीं निगम कमिश्नर नीरू कत्याल द्वारा बेहद ईमानदार महिला अफसर एडिशनल कमिश्नर दीपजोत कौर को बिल्डिंग ब्रांच की कमानी सौंपी है। देखना होगा कि क्या उच्च अधिकारी इन होटलों के मामलों में संज्ञान लेते हुए सही से एक्शन करवाएंगे। मामले संबंधी एटीपी कपिल देव और इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़ से संपर्क किया गया। लेकिन उनकी तरफ से हमेशा की तरह फोन उठाना जरुरी नहीं समझा गया।



## 15,000 रिश्वत लेते एएसआई रंगे हाथों गिरफ्तार, विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई

लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। पंजाब में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी किचलू नगर, थाना पीएयू में तैनात सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) लखविंदर सिंह को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजिलेंस ब्यूरो के आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, यह कार्रवाई बैंक कॉलोनी, नूरवाला रोड निवासी एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता के खिलाफ दर्ज एक मामले की जांच एएसआई लखविंदर सिंह को सौंपी गई थी। आरोप है कि एएसआई ने शिकायतकर्ता की मां और बहन को केस में न फंसाने के बदले 30,000 रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता ने इस बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया और रिश्वत देने से इनकार करते हुए विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क किया। प्रारंभिक जांच के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी को 15,000 रुपये लेते हुए मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस ब्यूरो थाना लुधियाना में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।




# प्रॉपर्टी खरीदना और महंगा होगा: पूरे हरियाणा में कलेक्टर रेट 75% तक बढ़ाए गए

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। हरियाणा में अक्टूबर 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों के बाद से कलेक्टर रेट में तीसरी बार बढ़ोतरी होने वाली है। अलग-अलग कैटेगरी रिहायशी, कमर्शियल, इंडस्ट्रियल और खेती वाली जमीन में रेट 75 परसेंट तक बढ़ाए गए हैं। सबसे पहले, राज्य विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद दिसंबर 2024 में कलेक्टर रेट बढ़ाए गए थे, फिर अगस्त 2025 में, और अब 1 अप्रैल से नए रेट लागू होंगे। कलेक्टर रेट वह कीमत है जो सरकार तय करती है, जिससे कम कीमत पर किसी प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकता। यह पूरे राज्य में एक जैसा नहीं होता और हर तहसील में अलग-अलग होता है। एक ही तहसील के अंदर भी कीमत अलग-अलग होती है।

## फरीदाबाद तहसील के हालात

फरीदाबाद तहसील में, कृषि श्रेणी में, प्रस्तावित बढ़ोतरी शून्य से 75 प्रतिशत तक है। ताजुपुर गाँव में, राशि 1.3 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2.28 करोड़ रुपये प्रति एकड़ कर दी गई है, जो 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी दशार्ती है। खेड़ी कलां गाँव में, कृषि भूमि के लिए नया कलेक्टर रेट 45 प्रतिशत बढ़ाकर 5.56 करोड़ रुपये प्रति एकड़ करने का प्रस्ताव है। इसी तरह, पलवली गाँव में यह 6.12 करोड़ रुपये प्रति एकड़ है, जो 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। फरीदाबाद शहर में सभी ऋ्रटर सहकारी समितियों में, दरें 6,000 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़ाकर 7,500 रुपये प्रति वर्ग फुट कर दी गई हैं, जो 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। नहर पार के प्लॉटों (सेक्टर 79, 80, 81, 82 और 83) में, आवासीय श्रेणी में बढ़ोतरी 60 प्रतिशत तक है।



## पंचकूला तहसील में कलेक्टर रेट 75% तक बढ़ाए गए

सार्वजनिक तौर पर जारी किए गए कलेक्टर रेट के ड्राफ़्ट के मुताबिक, पंचकूला में कमर्शियल प्रॉपर्टी के लिए कलेक्टर रेट 75 परसेंट तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। सेक्टर 3, 27, 28 और मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 2 में कमर्शियल बूथों के लिए रेट 2.25 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर से बढ़ाकर 3.94 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर कर दिया गया है, जो 75 परसेंट की बढ़ोतरी है। सेक्टर 4, 6, 10, 12, 15, 16, 17 और 21 में शॉप-कम-फ़्लैट में, बढ़ोतरी 3.6 लाख रुपये से 6.3 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर तक है, जो 75 परसेंट की बढ़ोतरी है।

## रिहायशी प्रॉपर्टी में भी बढ़ोतरी

रिहायशी प्रॉपर्टी में, बढ़ोतरी 25 परसेंट से 75 परसेंट तक है। सेक्टर 2 टऊ्र में, कॉर्नर प्लॉट और 'अ' रोड पर बने प्लॉट के लिए, बढ़ोतरी 50,160 रुपये प्रति वर्ग मीटर से 87,780 रुपये प्रति वर्ग मीटर तक है। कालका तहसील के तहत, ट्राइडेंट हिल्स के प्लॉटों के लिए, बढ़ोतरी 30 प्रतिशत तक है, और अमरावती और पिंजौर में, पहली और दूसरी मंज़िल के लिए, दरें 75 प्रतिशत तक बढ़ा दी गई हैं। पहली मंज़िल के लिए, बढ़ोतरी 3,775 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 6,606 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई है, और दूसरी मंज़िल के लिए, यह 5,148 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 9,009 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई है।

**हुडा की जमीनी रेट में बढ़ोतरी....**सेक्टर 16 के लिए, 500 वर्ग गज तक की व्यावसायिक संपत्ति के लिए, बढ़ोतरी 1.21 लाख रुपये प्रति वर्ग गज से बढ़कर 2.12 लाख रुपये प्रति वर्ग गज हो गई है, जो 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। आवासीय श्रेणी में इसी क्षेत्र के लिए, बढ़ोतरी 25 प्रतिशत है। सेक्टर 17 में (500 वर्ग गज से ऊपर), आवासीय श्रेणी में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी है, और 500 वर्ग गज तक के लिए, 30 प्रतिशत की उछाल है। ल्वउ्रअ के सभी सेक्टरों में, जमीन की कीमतों में 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। 500 वर्ग गज से ज्यादा की जमीन के लिए, कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बल्लभगढ़ तहसील (फरीदाबाद) में भी, सभी श्रेणियों में कीमतों में 75 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है।

## सोनीपत में, कृषि श्रेणी में बढ़ोतरी का प्रस्ताव

सोनीपत में, कृषि श्रेणी में कीमतों में 0 से 75 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। किशोरा में, कलेक्टर रेट को 1.43 करोड़ रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 2.5 करोड़ रुपये प्रति एकड़ कर दिया गया है, जो कि 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। शहर में, सब्जी मंडी कमर्शियल के पास स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के इलाके में कमर्शियल श्रेणी में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने वाली है; यहाँ कीमतें 55,000 रुपये प्रति वर्ग गज से बढ़कर 96,250 रुपये प्रति वर्ग गज हो जाएंगी। सभी निजी बिल्डरों की सोसायटियों में स्थित सभी कमर्शियल प्लॉटों की कीमतों में 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।

- **रोहत में 75 प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव...**रोहतक में भी, कीमतों में 75 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। पंप हाउस चौक से झज्जर रेलवे तक के इलाके में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है; यहाँ कीमतें 13,900 रुपये प्रति वर्ग गज से बढ़कर 24,325 रुपये प्रति वर्ग गज हो गई हैं। दिल्ली बाईपास स्थित भारत कॉलोनी में, कमर्शियल श्रेणी में कीमतें 52,800 रुपये से बढ़कर 92,400 रुपये प्रति वर्ग गज हो गई हैं (जो कि 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी है)। माल गोदाम रोड, हरि नगर, संत नगर और सेक्टर 1 स्थित हाउसिंग बोर्ड के इलाकों में, आवासीय श्रेणी में कीमतों में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।
- **स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क से 16,555 करोड़ टारगेट...**वर्ष 2025-26 के लिए, हरियाणा सरकार ने स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क से 16,555 करोड़ रुपये की आय का लक्ष्य रखा था। 25 फरवरी, 2026 तक सरकारी खजाने में 13,491 करोड़ रुपये जमा हो चुके थे। वर्ष 2026-27 के लिए, इस लक्ष्य को बढ़ाकर 19,500 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो कि 17.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। इस बढ़े हुए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ही, जमीन की नई दरों का प्रस्ताव रखा गया है।

# शहर में सुषमा बिल्डर के खिलाफ अलग-अलग सोसाइटियों में विरोध प्रदर्शन जारी

## रविवार को सुषमा ग्रांडे नेक्स्ट के निवासियों ने बेसिक सुविधाओं के लिए विरोध प्रदर्शन किया



जीरकपुर/यूटर्न/29 मार्च। सुषमा बिल्डर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। सुषमा बिल्डर द्वारा बनाई गई सोसाइटियों में बेसिक सुविधाओं के लिए स्थानीय निवासियों द्वारा रोजाना विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। रविवार को शहर की सुषमा ग्रांडे नेक्स्ट सोसायटी के निवासियों ने सोसायटी के गेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया और बिल्डर की वादाखिलाफी के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन करने वाले निवासियों में महेंद्र सिंह, सौरभ अग्रवाल, मुनीस, कमलेश, अजय सिंह ठाकुर, विजय सरन, हरिंदर सोनी, यशा अरोड़ा, हरप्रीत, प्रीति और अर्जुन ने कहा कि सुषमा ग्रांडे नेक्स्ट में करीब 100 परिवार रह रहे हैं, जिन्होंने अपनी ज़िंदगी की सारी कमाई खर्च करके फ्लैट खरीदे थे, आज वे बेसिक सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने सुषमा बिल्डर्स पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिल्डर ने पहले फ्लैट्स की पूरी कीमत के साथ दो साल का मेंटेनेंस चार्ज भी लिया था, लेकिन सुविधाएं देने की जिम्मेदारी पूरी नहीं की। स्थानीय निवासियों ने कहा कि बिल्डर ने मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर हर फ्लैट से करीब 1.20 लाख रुपए वसूले। इसके बावजूद सोसायटी के हालात बहुत खराब हैं। स्थानीय निवासियों ने कहा कि सोसायटी की लिफ्ट बंद हैं, जिससे बुजुर्गों और बच्चों को हर दिन सीढ़ियां चढ़कर जाना पड़ता है। पार्क एरिया में घास और झाड़ियां हैं, जहां से सांप-बिच्छू निकलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे से जुड़ा मेन गेट भी बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों को करीब एक किलोमीटर ज्यादा घूमकर जाना पड़ता है। सोसायटी निवासी सौरभ अग्रवाल ने कहा कि 2017 से लगातार बिल्डर से शिकायत की जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका दावा है कि बिल्डर फोन नहीं उठाता और ऑफिस में कोई अधिकारी नहीं मिलता। एक अन्य निवासी यशा अरोड़ा ने कहा कि फ्लैट खरीदे एक साल हो गया है, लेकिन जरूरी सुविधाएं भी नहीं दी गई हैं। सोसायटी के पास फायर एनओसी भी नहीं है, जो एक गंभीर मामला है। इसी तरह, हरप्रीत कौर ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि न तो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और न ही कोई सुरक्षा गार्ड तैनात किया गया है।

# आज का युवा जितना फिट होगा, देश का भविष्य उतना ही मजबूत होगा - अभिषेक गगनेजा



लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। सराभा नगर स्थित प्रो अल्टीमेट जिम में पुशअप क्लाक चैलेंज, मैक्सिमम पुलअप चैलेंज और स्काउट चैलेंज जैसे रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें लड़के और लड़कियों दोनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रतिभागियों ने अपनी ताकत, सहनशक्ति और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरा माहौल उत्साह और ऊर्जा से भर गया।फिटनेस एक्सपर्ट और प्रो अल्टीमेट जिम के संस्थापक अभिषेक गगनेजा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि आज के समय में फिटनेस केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि लड़के और लड़कियां दोनों को समान रूप से अपनी सेहत पर ध्यान देना चाहिए और नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। फिट शरीर ही एक स्वस्थ और सफल जीवन की नींव है।

नेशनल हेड विशाल पुन्नी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रो अल्टीमेट जिम का उद्देश्य केवल जिम खोलना नहीं, बल्कि एक फिटनेस मूवमेंट खड़ा करना है। प्रो अल्टीमेट जिम लुधियाना सराभा नगर फ्रेंचाइजी ऑनर जसविंदर सिंह, जसकरन सिंह, पुष्पिंदर सिंह और जशनदीप सिंह ने बताया कि हमारा मकसद नौजवान पीढ़ी को फिटनेस के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर एक स्वस्थ और अनुशासित जीवन जी सकें।



पेज 06 2 अप्रैल को मनाया जाएगा स्वामी सत्यानंद जी...

# हलवारा एयरपोर्ट पर क्रेडिट की जंग तेज, बिट्टू और अरोड़ा में शब्दों की तकरार

लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। लुधियाना के फिरोजपुर रोड स्थित हलवारा एयरपोर्ट को लेकर नई खुशखबरी सामने आई है। इस एयरपोर्ट पर फ्लाइट की बुकिंग अप्रैल महीने से शुरू हो जाएगी। वहीं मई महीने के सेंटर में जाकर इसकी उड़ान शुरू होगी। वहीं इस एयरपोर्ट के निर्माण के समय से ही अलग अलग पार्टियों द्वारा क्रेडिट लेने का प्रयास किया जा रहा था। वहीं अब फिर से क्रेडिट वॉर शुरू हो चुकी है। जिसमें एक तरफ केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तो दूसरी तरफ पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार है। दोनों पार्टियों के नेताओं द्वारा इस पहलकदमी का सेहरा अपने पार्टी लीडरों के सिर पर बांधा जा रहा है। ऐसा ही कुछ पिछले दो दिनों से देखने को मिल रहा है। दरअसल, रविवार को केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की और से इस शुरूआत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया गया। वहीं दूसरी तरफ पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा इस एयरपोर्ट की शुरूआत अपने और सीएम भगवंत मान के प्रयासों से होने की बात कही गई है। वहीं शहर में चर्चा है कि अगले साल पंजाब में चुनाव होने जा रहे हैं। जिसके चलते राजनीतिक पार्टियों द्वारा इन विकास कार्यों के जरिए जनता के बीच अपनी साख बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि यह एयरपोर्ट किसके प्रयासों से बना है, इसके बारे में शहर की जनता अच्छे से जागरुक है।



## इतने साल का इंतजार, फिर भी फ्लाइट सिर्फ दिल्ली की

वहीं शहरवासियों में चर्चा है कि इतने सालों के इंतजार के बाद भी अभी तक सिर्फ फ्लाइट दिल्ली के लिए ही शुरू हो सकी है। जबकि लुधियाना से व्यापारी व लोग ज्यादातर मुंबई, कोलकाता, बैगलोर, हैदराबाद आते जाते हैं। जिसके चलते वहां की फ्लाइटें शुरू होना भी जरुरी है, ताकि शहरवासी एयरपोर्ट का सही से फायदा ले सकें। वहीं आदमपुर एयरपोर्ट से मुंबई की रोजाना फ्लाइट होती है। फिर लुधियाना में भी इसकी शुरूआत करनी चाहिए।

## बिट्टू ने फेसबुक पर शेयर की पोस्ट

केन्द्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने फेसबुक पर एक पोस्ट डालकर घोषणा की है। जिसमें



उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट से उड़ानों की बुकिंग अप्रैल महीने में शुरू होगी, जबकि पहली फ्लाइट 10 से 15 मई के बीच उड़ान भर सकती है। शुरूआत में दिल्ली और हलवारा के बीच रोजाना दो उड़ानें संचालित की जाएंगी–एक सुबह और एक दोपहर में। इन फ्लाइट्स का संचालन 160 सीटों वाले एयरबस अ320 इकोनॉमी विमान से किया जाएगा। इससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा। बिट्टू ने कहा कि हलवारा एयरपोर्ट के शुरू होने से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि पंजाब में व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई रफ्तार मिलेगी। बिट्टू ने इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया।

## कुछ मौकाप्रस्त लोग मेरी बातों को दोहरा रहें



वहीं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बयान के बाद कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा भी बयान जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले ही पुष्टि कर दी थी कि हलवारा के लिए उड़ानों की बुकिंग अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगी। लेकिन आज तीन दिन बाद वही बात केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा दोहराई गई है। कुछ मौकापरस्त लोग केवल वही दोहरा रहे हैं जो उन्होंने पहले ही सार्वजनिक किया था। उन्होंने कहा कि हलवारा एयरपोर्ट उनके और आप सरकार के प्रयासों का नतीजा है। जिस संबंधी पंजाब के लोग अच्छी से जागरूक हैं। अरोड़ा ने कहा कि वह क्रेडिट नहीं लेना चाहते। लेकिन आप सरकार के कार्यों को दूसरे लोग जबरन अपना न बताएं।

**कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा बताया की एयरपोर्ट का सपना साकार होने का सफर कुछ ऐसा रहा**

## मुख्य हस्तक्षेप और उपलब्धियों का कालक्रम

22 नवंबर 2022 : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रुकी हुई प्रगति को पुनर्जीवित करने के लिए हस्तक्षेप किया।
11 दिसंबर 2022 : निर्माण कार्य फिर से शुरू करने हेतु 50 करोड़ रुपये जारी किए गए।
17 जनवरी 2023 : सांसद संजीव अरोड़ा ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से दिल्ली–लुधियाना उड़ानें पुन: शुरू करने की अपील की।
14 अप्रैल 2023 : अरोड़ा ने विभिन्न एयरलाइनों को हलवारा से उड़ानें शुरू करने हेतु पत्र लिखा।
7 मई 2023 : हवाई अड्डे के शीघ्र पूर्ण होने की मांग की गई।
22 अगस्त 2023 : नागरिक उड्डयन सचिव राजीव बंसल से एयरलाइनों को हलवारा से दिल्ली व मुंबई उड़ानें शुरू करने के लिए दबाव बनाने की स्वीकृति प्राप्त हुई।
26 अगस्त 2023 : संजीव अरोड़ा ने प्रगति की समीक्षा के लिए हलवारा हवाई अड्डे का दौरा किया।
9 जनवरी 2024 : मंत्रालय ने निर्माण प्रगति पर अद्यतन जानकारी दी।
31 जनवरी 2024 : अंतरिम टर्मिनल भवन के उद्घाटन का अनुरोध किया गया।
19 जुलाई 2024 : संजीव अरोड़ा ने एएआई, पीडब्ल्यूडी और भारतीय वायुसेना के अधिकारियों के साथ निर्माण की समीक्षा की गई।
13 अगस्त 2024 : अरोड़ा जी की टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के साथ उड़ानों को लेकर चर्चा हुई।
29 अगस्त 2024 : अरोड़ा जी एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात, जल्द उड़ान शुरू होने का आश्वासन मिला।
3 सितंबर 2024 : सांसद श्री अरोड़ा ने नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर कार्य तेज करने की मांग की गई।
21 दिसंबर 2024 : एएआई चेयरमैन विपिन कुमार से एयरपोर्ट कोड और संचालन तिथि पर चर्चा हुई।
8 जनवरी 2025 : एयर इंडिया ने कमीशनिंग के बाद उड़ान संचालन शुरू करने की बात कही।
10 जनवरी 2025 : एयर इंडिया ने हलवारा से उड़ानें संचालित करने पर सहमति दी।
4 फरवरी 2025 : हलवारा को एच डबलयू आर एयरपोर्ट कोड प्राप्त हुआ।
19 फरवरी 2025 : सांसद अरोड़ा जी द्वारा अंतिम चरण के कार्यों की समीक्षा की गई।
23 मई 2025 : मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से टर्मिनल चालू करने का अनुरोध किया।
जून 2025 : बुनियादी ढांचा कार्य पूरा हुआ; टर्मिनल की फिनिशिंग भी पूरी हुई।
27 जुलाई 2025 : तकनीकी कारणों से उद्घाटन स्थगित हुआ।
2 दिसंबर 2025 : राज्यसभा में संचालन तेज करने की मांग उठी।
29 दिसंबर 2025 : एयर इंडिया ने सप्ताह में पांच दिन संचालन की मंजूरी दी।
15 जनवरी 2026 : अंतिम सुरक्षा ऑडिट पूरा हुआ; बीसीएएस से अनुमति मिली।
28 जनवरी 2026 : अंतिम साइट निरीक्षण किया गया।
29 जनवरी 2026 : 1 फरवरी को उद्घाटन की पुष्टि; एयर इंडिया ने सात दिन संचालन का अनुरोध किया।
1 फरवरी 2026 : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टर्मिनल भवन का वर्चुअल उद्घाटन किया।

# वेरका के बाद अब अमूल के दही में निकला कीड़ा

## खाने पीने की वास्तुओ की क्वालिटी पर उठे कई यक्ष प्रश्न

अशोक सहगल

लुधियान, यूटर्न, 29 मार्च। पिछले दिनों लुधियाना के वेरका मिल्क प्लांट द्वारा सप्लाई करीब 125 मीट्रिक टन सुखे दूध की सप्लाई के सैंपल फेल होने के बाद अब अमूल के दही में कीड़ा पाए जाने पर खाने पीने की वस्तुओं की गुणवत्ता पर कई सवाल उठने शुरू हो गए हैं खाद्य विशेषज्ञों के अनुसार खाने-पीने की वस्तुओं की हर बैच की क्वालिटी चेक करनी चाहिए परंतु बाजार में सैकड़ो ऐसे खाद्य पदार्थ है जिनकी निरंतर जांच नहीं होती।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (IRCT) ने पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में परोसे जाने वाले अमूल दही की क्वालिटी को लेकर शिकायतों पर सख्त रुख अपनाया है, कैटरिंग लाइसेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है और डेयरी कंपनी से जवाब मांगा है। IRCT ने पटना-टाटा वंदे भारत ट्रेन में परोसे गए अमूल दही की क्वालिटी के बारे में शिकायतों को बहुत गंभीरता से लिया है, कॉर्पोरेशन ने कहा, और कहा कि उसने लाइसेंसी पर कड़ी कार्रवाई की है। ₹भारी जुमार्ना लगाने, कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने और ट्रेन के लाइसेंसी को ब्लैकलिस्ट करने के अलावा, IRCTC ने अमूल दही से जुड़ी गंभीर क्वालिटी की चिंता के बारे में स्पष्टीकरण के लिए 'अमूल' को बुलाया है।

### वंदे भारत अमूल दही विवाद:

IRCTC, वेंडर पर ₹60 लाख का जुर्माना, कीड़े मिलने के बाद कॉन्ट्रैक्ट रद्द यह कार्रवाई यात्रियों की उन शिकायतों के बाद की गई है जो ऑनलाइन सामने आई थीं, जिसमें यात्रा के दौरान खराब या घटिया दही परोसे जाने की बात कही गई थी। यह मामला सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा में आया, जिसके बाद रेलवे की कैटरिंग ब्रांच ने दखल दिया और खाने की क्वालिटी और हैंडलिंग के तरीकों की तुरंत जांच का आदेश दिया।

एक बयान के मुताबिक, IRCTC पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा, ऑनबोर्ड सर्विस प्रोवाइडर पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने का निर्देश दिया गया है। इस घटना ने वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनों में खाने की क्वालिटी पर फिर से ध्यान खींचा है, जिन्हें पैसेंजर एक्सपीरियंस में एक बेहतर कदम के तौर पर मार्केट किया जाता है। IRCTC ने हाल के सालों में हाइजीन, पैकेजिंग और वेंडर की जवाबदेही के नियमों को सख्त किया है, जिसमें गलतियों के लिए जुमार्ना और ब्रांडेड खाने की चीजों के लिए जरूरी सोर्सिंग स्टैंडर्ड शामिल हैं। अमूल को बुलाना — एक बड़े FMCG सप्लायर के खिलाफ एक बहुत कम देखा गया कदम — यह इशारा करता है कि जवाबदेही ऑनबोर्ड वेंडर से आगे बढ़कर अपस्ट्रीम सप्लायर तक भी बढ़ सकती है, क्योंकि [illegible] अपनी केटरिंग चेन में क्वालिटी को बनाए रखना चाहता है।

अमूल से जवाब देही या ठेकेदार का कसूर इस प्रकरण से यह भी सामने आता है कि इस सारे मामले में अमूल द्वारा सप्लाई किए गए दही में से कीड़ा निकालने की बात की जा रही है पर दूसरी ओर ठेकेदार को 60 लख रुपए का भारी जुर्माना ठोकते हुए उसका कांटेक्ट रद्द कर दिया है परंतु इसमें जवाब देही अमूल की बनती है या ठेकेदार का कसूर कहीं बड़े रसूखदार को बचाने के लिए ठेकेदार को तो बलि का बकरा नहीं बनाया जा रहा यह भी गौर तलब है कि खाने पीने की वस्तुओं की निरंतर जांच न होने के कारण बाजार में घटिया उत्पादों की बिक्री बढ़ जाती है और फिर ऐसे मामले सामने आते हैं।

# एयरपोर्ट पर सस्ता खाना अब हकीकत: चंडीगढ़ में 'उड़ान यात्री कैफे' शुरू, 10 रुपये में चाय






चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। हवाई यात्रियों को अब एयरपोर्ट पर महंगे खाने-पीने से राहत मिलने जा रही है। शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 'उड़ान यात्री कैफे' की शुरूआत के साथ ही किफायती दरों पर खाने-पीने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस नए कैफे में यात्री अब सिर्फ 10 रुपये में चाय और पानी की बोतल खरीद सकेंगे। वहीं 20 रुपये में कॉफी, समोसा, सैंडविच, कचौरी और 'स्वीट ऑफ द डे' जैसे विकल्प भी मिलेंगे। एयरपोर्ट पर यह पहल खास तौर पर आम यात्रियों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, ताकि हर वर्ग को सस्ती और बेहतर सुविधा मिल सके।

अब तक एयरपोर्ट पर मौजूद निजी कैफे में खाने-पीने की कीमतें काफी ज्यादा थीं। उदाहरण के तौर पर चाय 100 रुपये से ऊपर, कॉफी 150 रुपये के करीब और सैंडविच 150-170 रुपये तक मिलते थे। ऐसे में 'उड़ान यात्री कैफे' यात्रियों के लिए एक सस्ता और सुविधाजनक विकल्प बनकर सामने आया है। रविवार को इस कैफे के साथ-साथ यात्रियों के लिए कई अन्य सुविधाएं भी शुरू की गई। इनमें डिजी यात्रा, मुफ्त वाई-फाई, लाइब्रेरी और बच्चों के लिए विशेष किड्स जोन शामिल हैं, जिससे यात्रियों का अनुभव और बेहतर होगा। इन सेवाओं का उद्घाटन केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किनजारपू राम मोहन नायडू ने वर्चुअल माध्यम से किया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य एयरपोर्ट्स को केवल यात्रा का स्थान नहीं, बल्कि सुविधाजनक और किफायती अनुभव का केंद्र बनाना है।

## सरस मेला ग्राउंड में बूम बॉक्स के साथ पहली बार गेमिंग, डीजेयिंग, हिप-हॉप और बालीवुड मेलोडी का संगम

मोहाली/यूटर्न/29 मार्च। मोहाली के सरस मेला ग्राउंड में आयोजित 'बूम बॉक्स' म्यूजिक फेस्ट ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जहां पहली बार गेमिंग, डीजेयिंग, हिप-हॉप और बॉलीवुड मेलोडी का अनूठा संगम देखने को मिला। इस आयोजन में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और पूरे माहौल को उत्सव में बदल दिया। इस कार्यक्रम ने केवल संगीत तक सीमित न रहकर आर्ट, कल्चर, गेमिंग और फूड अनुभवों को भी एक मंच पर लाकर इसे एक इमर्सिव अनुभव बना दिया। सरस मेला ग्राउंड को आकर्षक इंस्टॉलेशन, इंटरएक्टिव जोन और लाइव गतिविधियों से एक मल्टीसेंसरी स्पेस में परिवर्तित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत गेमिंग इंफ्लुएंसर पायल धरे के साथ एक लाइव गेमिंग मुकाबले से हुई, जहां एक प्रतिभागी ने जीत हासिल कर उनके साथ खेलने का अवसर प्राप्त किया। इसके बाद डीजे साहिल गुलाटी ने अपने जोशीले संगीत से माहौल को ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद रश्मीत कौर ने पंजाबी लोक और आधुनिक पॉप के मिश्रण से दर्शकों को





झूमने पर मजबूर कर दिया। नीति मोहन ने अपनी सशक्त आवाज और लोकप्रिय बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम में और रंग भर दिया।

रायल स्टैग रात का समापन रैपर डिवाइन के दमदार प्रदर्शन के साथ हुआ, जिन्होंने अपने हिट गीतों से पूरे आयोजन को चरम पर पहुंचा दिया और दर्शकों को एक यादगार अनुभव दिया। कलाकारों ने भी मोहाली के दर्शकों की ऊर्जा और उत्साह की सराहना की। नीति मोहन ने इसे शानदार अनुभव बताया, जबकि डिवाइन ने दर्शकों की ऊर्जा को बेहतरीन बताया। रश्मीत कौर ने इसे अपने लिए विशेष क्षण कहा, वहीं डीजे साहिल गुलाटी ने इसे अविस्मरणीय अनुभव बताया। पायल धरे ने संगीत और गेमिंग के इस संगम को एक नई और प्रभावशाली पहल बताया। यह आयोजन अपने अनोखे स्वरूप के लिए चर्चा में रहा, जहां संगीत, गेमिंग और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों का बेहतरीन मेल देखने को मिला। अगले चरण में यह म्यूजिक फेस्ट 25 अप्रैल को नवी मुंबई में आयोजित किया जाएगा, जहां मनोरंजन का यह सिलसिला आगे बढ़ेगा।

## सैनी सरकार का फोकस: गोहाना को गुरुग्राम जैसा विकसित करने की तैयारी



गोहाना/यूटर्न/29 मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गोहाना में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली के दौरान राज्य सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिछले 11.5 वर्षों में गोहाना विधानसभा क्षेत्र के विकास पर 1,794 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जो पिछली कांग्रेस सरकार के 741 करोड़ रुपये के मुकाबले कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि 97 घोषणाओं में से 87 पूरी हो चुकी हैं और शेष पर तेजी से कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने 113.62 करोड़ रुपये की 16 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, जिनमें 7 परियोजनाएं उद्घाटन और 9 परियोजनाएं शिलान्यास के तहत शामिल हैं। उन्होंने ह्वडबल इंजन सरकारह्व के तहत विकास को हर घर तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया और कहा कि किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि 217 वादों में से 60 पूरे हो चुके हैं और 153 पर कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को मुआवजा, महिलाओं को वित्तीय सहायता और गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार की विकास नीतियों की सराहना की।

## प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : कृष्ण कुमार बेदी

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर नागरिक को शिक्षा, चिकित्सा और सुरक्षा प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाने को लेकर संकल्पित है। हरियाणा शिक्षा के क्षेत्र में नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। श्री बेदी रविवार को रेवाड़ी के जैन पब्लिक स्कूल के 40वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार देश और प्रदेश में नागरिकों को सभी जरूरी सुविधाएं देने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के हर नागरिकों को शिक्षा, चिकित्सा और सुरक्षा मुहैया करवाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के सरकारी व निजी संस्थानों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाया जा रहा है। वहीं आवश्यकता अनुसार विद्यार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

## बर्लिन में एमबीए ग्रेजुएशन के अवसर पर छात्र ने भारतीय झंडा लहराया और देशभक्ति नारा लगाया





दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/बर्लिन/यूटर्न/29 मार्च। बर्लिन में एक अंतरराष्ट्रीय स्नातक समारोह के दौरान, एक भारतीय छात्र ने अपनी एमबीए डिग्री प्राप्त करते समय राष्ट्रीय गौरव का प्रदर्शन कर सबका ध्यान आकर्षित किया। सुबेदार मेजर सतपाल सिंह और नरेश कुमारी के पुत्र चरणजीत सिंह ने अमेरिका के कोनकॉर्डिया यूनिवर्सिटी शिकागो से जनरल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में एमबीए डिग्री प्राप्त की। यह समारोह 3 फरवरी 2026 को बर्लिन स्कूल ऑफ बिजनेस एंड इनोवेशन में आयोजित हुआ। 31 राष्ट्रीयताओं के प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 300 छात्रों के सामने, चरणजीत सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया और 'सत्यमेव जयते' का नारा लगाया। ग्रेजुएशन गाउन पहने हुए, उन्होंने गर्व के साथ खड़े होकर विविध दर्शकों से तालियाँ और ध्यान प्राप्त किया।



पेज 12 बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के वाइस...

# 590 करोड़ का आईडीएफसी मामला: पंचकूला धोखाधड़ी ने संस्थागत निगरानी की कमियों को उजागर किया

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। जो एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया के तौर पर शुरू हुआ था, वह हाल के वर्षों में हरियाणा में सामने आए सबसे परेशान करने वाले वित्तीय घोटालों में से एक बन गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से जुड़ी 590 करोड़ की यह धोखाधड़ी अब सिर्फ. बैंकिंग गड़बड़ी का मामला नहीं रह गई है, बल्कि यह संस्थागत निगरानी पर एक गंभीर आरोप बन गई है। यह घोटाला तब सामने आया जब एक सरकारी विभाग ने बैंक की चंडीगढ़ शाखा में मौजूद एक खाते से पैसे ट्रांसफर करने की कोशिश की। इसके बाद जो सामने आया, वह सिर्फ. एक छोटी-मोटी गड़बड़ी नहीं थी, बल्कि जाली दस्तावेजों, फजी खातों और बिना अनुमति के किए गए लेन-देन का एक जटिल जाल था। जब तक जाँचकताओं ने इस पूरे मामले की कड़ियों को जोड़ा, तब तक सैकड़ों करोड़ रुपये का सरकारी पैसा पहले ही निकाल लिया गया था।




## पंचकूला बना मुख्य केंद्र

पंचकूला इस जाँच का मुख्य केंद्र बनकर उभरा है ; विजिलेंस ब्यूरो इस जाँच की अगुवाई कर रहा है और स्थानीय अदालतें इस मामले की सुनवाई कर रही हैं। इस मामले ने शहर को एक ऐसी कड़वी मिसाल में बदल दिया है, जो दिखाती है कि जिन सिस्टम्स का काम सरकारी पैसे की रक्षा करना है, उन्हीं के भीतर से उस पैसे को चुपके से कैसे निकाला जा सकता है।

## एक ऐसा सिस्टम जो कई स्तरों पर नाकाम रहा

शुरूआती जाँच से पता चलता है कि यह धोखाधड़ी किसी एक चूक का नतीजा नहीं थी। इसके बजाय, यह पूरे सिस्टम के फेल होने की ओर इशारा करती है। जैसे कि बैंक अधिकारियों ने कथित तौर पर आंतरिक सुरक्षा उपायों को नजरअंदाज किया। पैसे को दूसरी जगह भेजने के लिए फजी कंपनियों और खातों का इस्तेमाल किया गया। 100 से ज्यादा खाते फ्रीज कर दिए गए हैं, और कम से कम 15 लोग जिनमें बैंकर और सरकारी अधिकारी शामिल हैं, को गिरफ़्तार किया गया है। अंदर के लोगों की मिलीभगत ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है कि इस धोखाधड़ी को सिर्फ. नजरअंदाज ही नहीं किया गया, बल्कि इसमें मदद भी की गई।

## सरकारी पैसा, निजी हेरफेर

- इस घोटाले को जो बात और भी ज्यादा परेशान करने वाली बनाती है, वह है इसमें शामिल पैसे की प्रकृति। ये न तो निजी जमा थे और न ही कॉर्पोरेट निवेश, ये सरकारी फंड थे, जो जनता के इस्तेमाल के लिए थे, जिनमें कल्याणकारी योजनाओं पर होने वाला खर्च भी शामिल था। पंचकूला में नगर निगम के फंड से जुड़ी एक और समानांतर वित्तीय अनियमितता के सामने आने से इस धारणा को और बल मिलता है कि यह शायद कोई अकेला मामला नहीं है।

## विश्वास की कमी

- तत्काल हुए वित्तीय नुकसान से कहीं ज्यादा बड़ी क्षति जनता के विश्वास को पहुँची है। जब नागरिकों को पता चलता है कि जाली दस्तावेजों और अंदरूनी मिलीभगत के जरिए सैकड़ों करोड़ रुपए का सरकारी पैसा इधर-उधर किया जा सकता है, तो बैंकिंग व्यवस्था और सरकारी संस्थानों, दोनों पर से उनका भरोसा डगमगाना लाजमी है। इस खुलासे के बाद वित्तीय बाजारों में जो प्रतिक्रिया देखने को मिली, वह इसी बेचैनी को दशार्ती है।

# मलोया थाना पुलिस ने वाहन चोरी गैंग का किया पदार्फाश , चार आरोपी गिरफ्तार, कई वाहन बरामद

अजीत झा,
चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। चंडीगढ़ पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक सक्रिय गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई यूटी चंडीगढ़ की महिला एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों, एसपी सिटी केएम प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में की गई। पुलिस थाना मलोया की टीम, जिसमें एसएचओ इंस्पेक्टर जसबीर सिंह और पीपी डड्डूमाजरा के इंचार्ज एसआई सूर्य प्रकाश शामिल थे, ।



पुलिस ने जिन चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनकी पहचान इस प्रकार है:फिरोजपुर निवासी अजय कुमार,सुखविंदर सिंह ,रशपाल सिंह वही चौथे आरोपी की पहचान मोगा निवासी गुरजीत सिंह के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि यह गैंग फिरोजपुर और मोगा से ट्राइसिटी क्षेत्र में आता था और यहां से मोटरसाइकिल, एक्टिवा व अन्य दोपहिया वाहन चोरी करता था। चोरी के बाद वाहन 12,000 से 15,000 में बेच दिए जाते थे।

गैंग में करीब 12झ्र14 सदस्य शामिल होने की बात सामने आई है और अब तक 15-20 वाहन चोरी करने की पुष्टि हुई है। आरोपी चोरी के बाद वाहनों के असली नंबर प्लेट उतारकर खेतों में फेंक देते थे और नकली नंबर प्लेट लगाकर पुलिस से बचने की कोशिश करते थे।

26 मार्च 2026 को पुलिस टीम ने डड्डूमाजरा स्थित द्रोणाचार्य स्टेडियम के पीछे से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से फर्जी नंबर प्लेट लगी दो एक्टिवा स्कूटर बरामद हुई, जो चोरी की निकलीं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना मलोया में एफआईआर नंबर 50, दिनांक 26.03.2026, भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 303(2), 317(2), 341(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

कोर्ट से अजय कुमार और गुरजीत सिंह का 5 दिन का पुलिस रिमांड तथा रशपाल सिंह और सुखविंदर सिंह का 2 दिन का न्यायिक रिमांड लिया गया है।जांच के दौरान पुलिस ने 28 और 29 मार्च को कुल 7 वाहन बरामद किए, जिनमें बुलेट और स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें शामिल हैं। ये वाहन चंडीगढ़, फिरोजपुर और मोगा से चोरी किए गए थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस गैंग के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। साथ ही चोरी के अन्य मामलों में भी इन आरोपियों की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

# पार्क में बैठे व्यक्ति से मोबाइल झपटा, सेक्टर-37 में दिनदहाड़े वारदात

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। शहर में सरेआम झपटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला सेक्टर-37डी का है, जहां एक व्यक्ति से दिन के समय पार्क में मोबाइल फोन छीन लिया गया। पीड़ित एस.एल. सोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मिनी मार्केट के पीछे स्थित पार्क में बेंच पर बैठे थे और अपने मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान करीब 11:45 बजे एक युवक अचानक उनके पास आया और झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीनकर भाग निकला। घटना इतनी तेजी से हुई कि पीड़ित को संभलने का मौका तक नहीं मिला और आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सेक्टर-39 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके। इस घटना ने एक बार फिर शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर दिन के समय भी लोगों के सुरक्षित न होने को लेकर चिंता बढ़ गई है।



# चंडीगढ़ में अवैध शराब के साथ व्यक्ति काबू, 58 क्वार्टर बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौली जागरण क्षेत्र में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी शराब की खेप बरामद की है। पुलिस स्टेशन मौलीजागरां में एक्साइज एक्ट की धारा 61-1-14 के तहत एफआईआर नंबर 59 दर्ज की गई है। यह कार्रवाई एएसआई रमेश की शिकायत पर की गई। जानकारी के अनुसार, 28 मार्च 2026 की रात करीब 10:15 बजे पुलिस ने ट्रिब्यून कॉलोनी के पीछे, रायपुर खुर्द इलाके में छापेमारी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 'एम्पायर नंबर-1 मोटा संतरा' ब्रांड की 58 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजेश कुमार (44), निवासी सुंदर नगर पार्ट-2, मौलीजागरां चंडीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया, हालांकि बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी अवैध शराब कहां से लेकर आया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

# गांव पंजौड में गरीब का मुंह, गुरु की गोलक संस्था द्वारा 44वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया



दलजीत अजनोहा
हुशियारपुर/यूटर्न/29 मार्च। जत्थेदार अकाली बाबा फूला सिंह जी, सिंह साहिब ज्ञानी गुरदियाल सिंह जी अजनोहा के पैतृक गांव अजनोहा इन महापुरुषों के क्षेत्र की सिरमौर संस्था गरीब का मुंह, गुरु की गोलक संस्था रजि. अजनोहा पिछले कई वर्षो से लोक भलाई के कार्य कर रही है। संस्था मुखी भाई हरविंदर सिंह खालसा अजनोहा ने बताया कि संस्था की ओर से श्री गुरु नानक देव जी महाराज जी अपार कृपा सदका क्षेत्रीय संगतों और प्रवासी भारतीयों के सहयोग से सत्तवें पातशाह श्री गुरु हरि राय महाराज जी की ओर से वरोसाये बाबा यख जी के पैतृक गांव नरूड में गुरु नानक चैरिटेबल डिस्पेंसरी और लेबोरेटरी चलाई जा रही है।

Happy Birthday



Divyansh

Happy Birthday



Karamjit kaur



श्री गीता मंदिर विकास नगर सभा द्वारा पंजाबी फिल्म कलाकार श्रीमती कुसुम गुप्ता, श्रीमती कोमल शर्मा और श्री केशव शर्मा निदेशक UTURN और जनहितैषी चैनल को सम्मानित किया गया। मंदिर सभा के महासचिव प्रदीप ढल,पंडित बनबारी लाल पंडित अनिल गैरोला ने मां की चुनरी भेंट करके सम्मानित किया गया।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

## ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध में सीखो देशभक्ति का संदेश

ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहा संघर्ष भले ही राजनीतिक, सैन्य या सामरिक कारणों से शुरू हुआ हो, लेकिन इस युद्ध ने एक महत्वपूर्ण बात स्पष्ट कर दी है- सच्ची देशभक्ति क्या होती है। यह संघर्ष कई वर्षों से चला आ रहा है, जिसकी जड़ें 1979 की क्रांति और क्षेत्रीय तनावों में हैं

हाल के युद्ध में भारी बमबारी, आर्थिक संकट और जनजीवन की कठिनाइयों के बावजूद ईरान की जनता ने अद्भुत धैर्य और एकता दिखाई। रिपोर्टों के अनुसार, कठिन परिस्थितियों में भी लोग अपने देश के साथ खड़े रहे और राष्ट्रीय एकता का प्रदर्शन किया। यहां तक कि कई नागरिक विदेशों से वापस लौटकर अपने देश का साथ देने लगे, जो उनके गहरे देशप्रेम को दर्शाता है।

ईरान की जनता का यह जज्बा हमें सिखाता है कि देश केवल भूमि नहीं, बल्कि लोगों की भावना और समर्पण से बनता है। जब नागरिक अपने देश के लिए हर परिस्थिति में खड़े रहते हैं, तब ही राष्ट्र मजबूत बनता है। इस युद्ध से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हर नागरिक को अपने देश के प्रति निष्ठा, जिम्मेदारी और प्रेम रखना चाहिए। यही सच्ची देशभक्ति है, जो किसी भी राष्ट्र को कठिनाइयों से उबार सकती है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Status Quo का सही मतलब क्या होता है? अदालत जब कहती है 'जैसी स्थिति है वैसी रहे' तो क्या होता है?

अदालतों के आदेशों में अक्सर लिखा होता है— "Status Quo maintain किया जाए"। आम धारणा यह बन जाती है कि सब कुछ रुक गया है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ थोड़ा अलग और अधिक विशिष्ट होता है।

Status Quo का मतलब है—जिस स्थिति में संपत्ति या विवाद जिस समय अदालत के सामने आया, वही स्थिति बनी रहे। यानी उस तारीख पर जो वास्तविक स्थिति थी—कब्जा किसके पास था, उपयोग कैसे हो रहा था—उसे बदला नहीं जा सकता।

यह आदेश आमतौर पर तब दिया जाता है, जब अदालत यह चाहती है कि मुकदमे के दौरान कोई पक्ष स्थिति में बदलाव करके अपने पक्ष को मजबूत न कर ले। इससे दोनों पक्षों के अधिकार सुरक्षित रहते हैं, जब तक अंतिम निर्णय न हो जाए।

यह समझना जरूरी है कि Status Quo का दायरा उस समय की स्थिति तक सीमित होता है। यदि कोई पक्ष पहले से कब्जे में था, तो वह जारी रह सकता है, लेकिन नया निर्माण, बिक्री या बदलाव सामान्यत: रोके जाते हैं।

कई बार लोग Status Quo और Stay Order को एक जैसा मान लेते हैं, जबकि दोनों अलग हैं। Stay किसी विशेष कार्य को रोकता है, जबकि Status Quo पूरी स्थिति को स्थिर बनाए रखता है।

Status Quo के आदेश का उल्लंघन करने पर अदालत सख़्त रुख अपना सकती है, क्योंकि यह न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करता है।

निष्कर्ष : Status Quo का अर्थ है—स्थिति को 'जैसा है वैसा' बनाए रखना। यह अस्थायी संतुलन का आदेश है, ताकि मुकदमे के दौरान कोई पक्ष अनुचित लाभ न ले सके। सही समझ ही इसके पालन की कुंजी है।

# 2 अप्रैल को मनाया जाएगा स्वामी सत्यानंद जी का प्रकट दिवस

## राम-नाम से मिलती है शांति और मुक्ति: संत रमणीक बेदी



लुधियाना, यूटर्न, 29 मार्च। श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में संस्था के प्रमुख संत अश्वनी बेदी जी महाराज के सुपुत्र संत रमणीक बेदी जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि परम पूज्य श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज का प्रकट दिवस चैत्र पूर्णिमा, 2 अप्रैल (वीरवार) को देशभर में भक्ति भाव से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री स्वामी जी महाराज ने अपने अनुभवों को ह्यअमृत वाणीह्न ग्रंथ में व्यक्त करते हुए भगवान श्री राम को परम सत्य, ज्ञान और प्रकाश का स्वरूप



बताया है। श्री राम सर्वशक्तिमान, दयालु और आनंद के स्रोत हैं, जिनके समान कोई नहीं। उन्होंने कहा कि राम-नाम की महिमा अनंत है और इसका निरंतर जाप मनुष्य के जीवन में शांति, सुख और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। संत रमणीक बेदी जी ने बताया कि जो व्यक्ति सच्चे मन से राम-नाम का स्मरण करता है, उसके जीवन से दुख, चिंता और अशांति दूर हो जाती है। राम-नाम को उन्होंने जीवन को संवारने वाला अमृत बताया, जो कठिन परिस्थितियों को भी अनुकूल बना सकता है। उन्होंने कहा कि राम-नाम केवल शब्द नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, पवित्रता और मोक्ष का मार्ग है। इस अवसर पर टीटू पायलट, रामेश्वर गुप्ता, राजन कपूर, वरिंदर जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ईरान-इजराइल संघर्ष : युद्ध तेज, मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव

दिल्ली, यूटर्न, 29 मार्च। ईरान और इजराइल के बीच जारी सैन्य टकराव अब और तेज हो गया है। दोनों देशों के बीच लगातार मिसाइल और एयरस्ट्राइक जारी हैं, जिससे पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर पहुंच गया है। इजराइल ने हाल के दिनों में ईरान के कई सैन्य ठिकानों, मिसाइल लॉन्च साइट्स और हथियार निर्माण इकाइयों पर बड़े हमले किए हैं। राजधानी तेहरान समेत कई इलाकों में विस्फोटों की खबरें सामने आई हैं। वहीं, ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल के शहरों पर मिसाइल दागे हैं। कुछ हमले रिहायशी इलाकों तक पहुंचे, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

# चावलों की बोरियां में छिपाकर ले जा रहे 3100 किलो चूरा पोस्त बरामद, 3 गाड़ियां भी जब्त, आरोपी फरार

लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। जमालपुर इलाके में लुधियाना पुलिस की और से चूरा पोस्त की बड़ी खेप बरामद की है। जिसमें पुलिस ने 3100 किलो चूरा पोस्त, एक ट्रक व तीन कारें बरामद की है। हालांकि आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना जमालपुर की पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 27 मार्च को एसआई दलवीर सिंह पुलिस पार्टी गश्त और संदिग्धों की चेकिंग के संबंध में जमालपुर चौक पर मौजूद थी।

इसी दौरान एक खास मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में चूरा पोस्त लोड किया गया है। मुखबिर ने बताया कि तस्करों ने जमालपुर इलाके में सप्लाई देने के बाद ट्रक को थाना लाडोवाल के अंतर्गत आने वाले एक सुनसान इलाके में खड़ा किया हुआ है। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए बताए गए ठिकाने पर रेड की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी भागने में सफल रहे। जब पुलिस ने वहां खड़े सफेद रंग के ट्रक की तलाशी ली



ट्रक के अंदर चावलों की बोरियों में भर-भरकर चूरा पोस्त रखा गया था। इतना ही नहीं पुलिस ने मौके से तीन और गाड़ियां भी बरामद की हैं जिनका इस्तेमाल नशे की छोटी खेप को अलग-अलग जगहों पर पहुंचाने के लिए किया जाना था। इतनी बड़ी मात्रा में नशे की बरामदगी इस बात की ओर इशारा करती है कि इसके पीछे कोई बहुत बड़ा अंतर्राज्यीय गिरोह काम कर रहा है। पुलिस यह जांच कर रही है कि यह नशा कहां से लाया गया था और लुधियाना के किन-किन इलाकों में इसकी सप्लाई होनी थी।

# बाजार में हलचल: HDFC Bank के शेयर दबाव में

नई दिल्ली/यूटर्न/29 मार्च। देश के प्रमुख निजी बैंक HDFC Bank इन दिनों बाजार में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। बैंक के पूर्व चेयरमैन Atanu Chakraborty के अचानक इस्तीफे के बाद इसके शेयरों में तेज गिरावट और लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

सूत्रों के अनुसार, इस्तीफे की खबर सामने आते ही निवेशकों में घबराहट फैल गई, जिसके चलते बैंक के शेयरों में एक ही दिन में लगभग 8 से 9 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। वर्तमान में शेयर ₹760 से ₹780 के दायरे में कारोबार कर रहा है,





जो इसके पिछले उच्च स्तर से काफी नीचे है। मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब यह जानकारी सामने आई कि बाजार नियामक Securities and Exchange Board of India इस पूरे घटनाक्रम की समीक्षा कर सकता है। वहीं, बैंक प्रबंधन ने भी पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से बाहरी कानूनी विशेषज्ञों की मदद ली है, जो इस्तीफे से जुड़े पहलुओं की जांच कर रहे हैं। बाजार में यह भी चर्चा है कि बैंक के शीर्ष प्रबंधन के बीच कुछ मुद्दों को लेकर मतभेद थे, जिसने स्थिति को और जटिल बना दिया। हालांकि, बैंक की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सभी आंतरिक प्रणालियां और गवर्नेंस ढांचा पूरी तरह मजबूत है तथा ग्राहकों और निवेशकों के हित सुरक्षित हैं। वित्तीय विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा गिरावट मुख्य रूप से भावनात्मक प्रतिक्रिया (sentiment) का परिणाम है, न कि बैंक की बुनियादी स्थिति में किसी बड़ी कमजोरी का संकेत। उनका कहना है कि शॉर्ट टर्म में शेयर में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, लेकिन लंबी अवधि में स्थिति स्थिर हो सकती है।

# डीपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट में आर्किटेक्ट एसोसिएशन बनी चैंपियन

## उपविजेता प्रेस पैंथर्स ने जीती मैन ऑफ दि सीरिज समेत तीन ट्राफियां

डेराबस्सी/यूटर्न/29 मार्च। डेराबस्सी में पहली बार डेराबस्सी प्राइमरी लीग(डीपीएल) सीजन-वन का आयोजन डेराबस्सी आर्किटेक्ट एसोसिएशन द्वारा किया गया। हालांकि बेहद रोमांचक फाइनल में आर्किटेक्ट एसोसिएशन की टीम चार रनों से चैंपियन बनी परंतु दि प्रेस पैंथर्स की टीम के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक तीन ट्राफियां हासिल कीं। प्रेस पैंथर्स के के हैप्पी कुमार मैन ऑफ दि सीरिज रहे। टूनार्मेंट का एकमात्र अर्धशतक(57) भी उनके नाम



रहा जबकि सेमीफाइनल में भी वे मैन ऑफ दि मैच बने। एसोसिएशन के प्रधान तेजिंदर कपिल और संरक्षक राजेश नारायण की देखरेख में आयोजित टूनार्मेंट इंद्रजीत स्टेडियम में फ्लड लाइट्स के बीच खेला गया। सेमीफाइनल में डेराबस्सी नगर परिषद के ईओ रवनीत सिंह की टीम एमसी हॉक को 42 रन से हराकर दि प्रेस पैंथर्स फाइनल में पहुंची जबकि आर्किटेक्ट एसोसिएशन ने दि इंक वारिअर्स को 32 रनों से हराया। टूनार्मेंट का उद्घाटन एमएलए कुलजीत रंधावा ने किया। 12-12 ओवर्स के टूनार्मेंट के फाइनल में एसोसिएशन की टीम के अमन सैनी मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने।

# शेवी इंग्लिश हट में ऑनलाइन दुनिया का प्रभाव पर पैनल चर्चा, बच्चों ने रखे विचार



लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। आज के डिजिटल युग में बच्चों और युवाओं पर ऑनलाइन दुनिया के बढ़ते प्रभाव को समझने के उद्देश्य से इम्पैक्ट ऑफ ऑनलाइन वर्ल्ड विषय पर एक विशेष पैनल चर्चा का आयोजन शेवी इंग्लिश हट में किया गया। इसमें 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस चर्चा की खास बात यह रही कि इसमें बच्चों को खुलकर अपनी बात रखने का मंच दिया गया। छात्रों ने सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल शिक्षा और इंटरनेट के सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर अपने अनुभव और विचार साझा किए।मैडम शेवी जैन ने सभी का स्वागत किया।कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं के रूप में करियर काउंसलर आयुष जैन तथा करियर काउंसलर व सर्टिफाइड लाइफ कोच ज्योति मदान शामिल रहे। वक्ताओं ने बच्चों को ऑनलाइन दुनिया का संतुलित उपयोग करने, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और समय प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया।पैनलिस्ट्स ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जहां सीखने और विकास के नए अवसर प्रदान करते हैं, वहीं इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका भी बेहद अहम है।

# रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य, राजेश जैन की सेवा भावना प्रेरणादायक - बिट्टू गुंबर

लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। 1989 से मानवता की सेवा में जुटे न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोला बाबा रत्न मुनि जैन युवा सोसायटी और मां वैष्णो देवी चैरिटेबल अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में 31 मार्च को भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 49वां विशाल राज्यस्तरीय रक्तदान कैंप आयोजित किया जा रहा। यह कैंप सुंदर नगर स्थित किंग पैलेस में लगाया जा रहा। रक्तदान कैंप के निमंत्रण को प्राप्त करते हुए शिव वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान बिट्टू गुंबर और नीलम रानी ने कहा कि अधिक से अधिक प्रचार करेंगे। बिट्टू गुंबर ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के हर स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान जरूर करना चाहिए, क्योंकि एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को बचाने में सहायक होता है। उन्होंने विश्वास जताया कि 31 मार्च को भगवान महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाला यह 49वां विशाल राज्यस्तरीय रक्तदान कैंप सफल रहेगा और इसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। इस अवसर पर उन्होंने राजेश जैन बॉबी की सराहना करते हुए कहा कि वे पिछले कई वर्षों से मानवता की सेवा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।



# कैप्टन कमलजीत सिंह की बरसी पर अकाली दल घिरा, डेराबस्सी में लोगों ने जताई नाराजगी

## श्रद्धांजलि के दिन रैली पर विवादः डेराबस्सी में अकाली दल के खिलाफ लोगों का रोष

डेराबस्सी/यूटर्न/29 मार्च। डेराबस्सी के पूर्व विधायक एवं पंजाब सरकार के पूर्व वित्त मंत्री स्वर्गीय कैप्टन कमलजीत सिंह की बरसी के अवसर पर क्षेत्र में भावुक माहौल के साथ-साथ राजनीतिक नाराजगी भी देखने को मिली। लोगों ने आरोप लगाया कि शिरोमणि अकाली दल अपने ही वरिष्ठ नेता को उनकी बरसी पर उचित सम्मान देना भूल गया। कैप्टन कमलजीत सिंह का 29 मार्च 2009 को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था, जिसने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया था। उस समय स्थिति ऐसी थी कि अनेक घरों में चूल्हे तक नहीं जले थे। आज भी क्षेत्रवासी उन्हें सादगीपूर्ण, जनसरोकारों से जुड़े और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने वाले नेता के रूप में याद करते हैं। बरसी के दिन ही अकाली दल द्वारा डेराबस्सी में रैली आयोजित किए जाने को लेकर लोगों में विशेष रोष देखा गया। स्थानीय निवासियों का कहना था कि इस दिन पार्टी को अपने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करनी चाहिए थी, लेकिन इसके स्थान पर राजनीतिक रैली करना जनभावनाओं के विपरीत है। नाराज लोगों ने कहा, 'जो अपने नेता कैप्टन कमलजीत सिंह के नहीं हो सके, वे हमारे क्या होंगे।' इस बयान के बाद क्षेत्र का राजनीतिक वातावरण और अधिक गर्म हो गया है। बरसी के अवसर पर जहां एक ओर लोगों ने अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की, वहीं दूसरी ओर उसी दिन आयोजित राजनीतिक रैली ने कई प्रश्न खड़े कर दिए। कैप्टन कमलजीत सिंह की स्मृति और उनके प्रति सम्मान को लेकर उठी यह बहस क्षेत्र की राजनीति में नई दिशा दे सकती है।



### दुर्घटना का विवरण

29 मार्च 2009 को खरड़ के समीप खानपुर गांव के निकट कैप्टन कमलजीत सिंह की कार का भीषण सड़क हादसा हुआ था। उनकी कार को पहले एक ट्रक ने टक्कर मारी, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। इसके तुरंत बाद पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने भी कार को टक्कर मार दी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय वह आगे की सीट पर बैठे हुए थे और टक्कर उसी ओर लगी, जहां वह बैठे थे। उन्हें गंभीर अवस्था में पहले खरड़ के सिविल अस्पताल ले जाया गया, तत्पश्चात चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसी दिन उनका निधन हो गया। उस समय उनकी आयु 67 वर्ष थी और वे बनूर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।



### रैली में किए गए प्रमुख घोषणाएं

दूसरी ओर, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने डेराबस्सी में आयोजित एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए अनेक विकासात्मक घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि यदि वर्ष 2027 में अकाली दल सत्ता में आता है तो मोहाली-जीरकपुर-डेराबस्सी-न्यू चंडीगढ़-खरड़ क्षेत्र को देश का अगला वित्तीय केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करने, पर्यटन आधारित परियोजनाएं लाने, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने तथा मेट्रो रेल प्रणाली से जोड़ने की योजना की घोषणा की। साथ ही सड़कों के ढांचे को सुदृढ़ करने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आधुनिक व्यवस्था विकसित करने की बात कही। सुखबीर सिंह बादल ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दल वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने अरविंद केजरीवाल के उस बयान का भी खंडन किया, जिसमें कहा गया था कि अन्य दलों के सत्ता में आने पर जनकल्याण योजनाएं बंद हो जाएंगी।

### स्थानीय मांगों पर भी आश्वासन

रैली के दौरान स्थानीय नेता एन. के. शर्मा द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सहमति जताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर जीरकपुर में अस्पताल, पेयजल के लिए नहरी पानी, लालडू में कन्या महाविद्यालय तथा छतबीड़ में पर्यटन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अन्य विकास कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

# महिलाओं को 1000 महीना देने को मंजूरी, कैबिनेट मीटिंग में सरकार की मुहर, अप्रैल से बैंक खातों में आएंगे

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। पंजाब सरकार की कैबिनेट बैठक में महिलाओं को हर महीने 1000 देने की योजना को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत एससी वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1500 मिलेंगे।

अप्रैल से यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। 29 मार्च को शाम मुख्यमंत्री आवास पर कैबिनेट बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस योजना पर अंतिम मुहर लगाई गई। 8 मार्च को बजट में 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना' का ऐलान करते हुए सरकार ने 18 वर्ष से ऊपर की जनरल वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपए और एससी वर्ग की महिलाओं 1,500 रुपए प्रति माह की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया। 9,300 करोड़ रुपए के सालाना बजट वाली इस योजना के तहत राज्य की लगभग 97% महिलाएं लाभान्वित होंगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्पष्ट किया है कि 13 अप्रैल (बैसाखी के दिन) से इसके रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।



### इन एजेंडों को भी मिली मंजूरी

योजना विभाग में 140 पदों पर सीधी भर्ती और झारखंड में स्थित पंजाब की पछवाड़ा सेंट्रल कोल माइन के लिए तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती को हरी झंडी मिल गई है। वहीं अब औद्योगिक भूखंडों को लीज होल्ड से फ्रीहोल्ड में बदलना आसान होगा। सबसे बड़ी राहत यह है कि जो प्लॉट्स बैंक में गिरवी हैं, वे भी अब बैंक से एनओसी (ढउड) लेकर फ्रीहोल्ड में कन्वर्ट कराए जा सकेंगे। वहीं सतलुज नदी में सिल्ट (मिट्टी/गाद) निकालने के काम को मंजूरी दी गई है, जिससे बाढ़ का खतरा कम होगा और नदी का बहाव बेहतर होगा।

## चंडीगढ़ में वाहन चोरों का आतंकः कॉन्स्टेबल की बुलेट समेत दो जगह वारदात, CCTV में कैद आरोपी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। शहर में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे आम लोगों के साथ-साथ पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। ताजा मामलों में मनीमाजरा और सेक्टर-46 में चोरों ने बेखौफ होकर दो अलग-अलग वारदातों को अंजाम दिया। मनीमाजरा क्षेत्र में एक कॉन्स्टेबल की बुलेट बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक कॉन्स्टेबल जसबीर सिंह, जो सेक्टर-45 पुलिस चौकी में तैनात हैं, ने अपनी बाइक रात को सुभाष नगर स्थित घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह ड्यूटी पर जाने के लिए बाहर आए तो बाइक गायब मिली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें दो संदिग्ध युवक बाइक लेकर किशनगढ़ की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है। दूसरी घटना सेक्टर-46 की है, जहां दुकान के बाहर खड़ी एक्टिवा को चोरों ने महज कुछ सेकंड में चोरी कर लिया। सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि दो युवक, जो नाबालिग प्रतीत हो रहे हैं, वारदात को अंजाम देते हैं। एक युवक निगरानी करता है, जबकि दूसरा तेजी से लॉक खोलकर स्कूटी स्टार्ट करता है और दोनों मौके से फरार हो जाते हैं। दोनों घटनाओं ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पंजाब में पोकसो मामलों पर न्याय की रफ्तार धीमी, एनसीआरब रिपोर्ट ने उठाए ढांचे पर सवाल

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। बच्चों से जुड़े यौन अपराध मामलों में पंजाब की न्यायिक व्यवस्था को लेकर चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में पोकसो एक्ट के तहत सैकड़ों मामले दर्ज होने के बावजूद उनकी सुनवाई के लिए पर्याप्त विशेष अदालतें उपलब्ध नहीं हैं। आंकड़ों के अनुसार, पंजाब में पोकसो कानून के तहत 782 केस दर्ज किए गए, लेकिन इनकी सुनवाई के लिए केवल 12 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (FTSC) ही कार्यरत हैं। इनमें भी महज तीन अदालतें ही विशेष रूप से पोकसो मामलों के लिए समर्पित हैं। ऐसे में मामलों के निपटारे में देरी होना तय माना जा रहा है। तुलनात्मक रूप से हरियाणा की स्थिति बेहतर नजर आती है। वहां 2044 मामलों के लिए 18 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट मौजूद हैं, जिनमें 14 एक्सक्लूसिव पोकसो अदालतें शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अदालतों की अधिक संख्या के कारण हरियाणा में मामलों की सुनवाई अपेक्षाकृत तेज हो पाती है।

अन्य राज्यों की बात करें तो उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे है, जहां 218 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट संचालित हैं। वहीं मध्य प्रदेश, केरल, बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों में भी पर्याप्त संख्या में विशेष अदालतें स्थापित की गई हैं, जो मामलों के त्वरित निपटारे में मदद कर रही हैं। केंद्रीय Ministry of Law and Justice के अनुसार, देशभर में कुल 774 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट काम कर रहे हैं, जिनमें 398 पोकसो अदालतें शामिल हैं। इन अदालतों ने अब तक लाखों मामलों का निपटारा किया है, लेकिन बढ़ते मामलों के मुकाबले यह संख्या अभी भी चुनौती बनी हुई है।

रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि देशभर में बच्चों के खिलाफ अपराध के 1.77 लाख से अधिक मामले दर्ज हुए, जिनमें से लगभग 38% पोकसो एक्ट के तहत हैं। इस पर संसद की स्थायी समिति ने भी चिंता जताते हुए राज्यों को न्यायिक ढांचा मजबूत करने, फंड का प्रभावी उपयोग करने और निगरानी बढ़ाने की सिफारिश की है। विशेषज्ञों का कहना है कि पंजाब में यदि जल्द ही फास्ट ट्रैक और विशेष पोकसो अदालतों की संख्या नहीं बढ़ाई गई, तो बच्चों से जुड़े संवेदनशील मामलों में न्याय में देरी एक बड़ी समस्या बन सकती है।

# जुगाड़ रेहड़ियों पर सख्ती, जीरकपुर में ट्रैफिक सुधार की मुहिम तेज

## पुलिस का अभियान रंग लाया, कई जगह जाम से मिली राहत



जीरकपुर/यूटर्न/29 मार्च। शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए जीरकपुर पुलिस ने अवैध रूप से खड़ी जुगाड़ रेहड़ियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। शनिवार को मनफूल सिंह की अगुवाई में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कई प्रमुख स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अव्यवस्थित ढंग से खड़ी रेहड़ियों को हटाया गया और नियम तोड़ने वालों के चालान किए गए।

यह अभियान पटियाला चौक, बलटाना लाइट प्वाइंट, ढकोली रोड, वीआईपी रोड और अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे जैसे व्यस्त इलाकों में चलाया गया, जहां लंबे समय से जाम की समस्या बनी हुई थी। अवैध पार्किंग और सड़क किनारे खड़ी रेहड़ियों के कारण यातायात बाधित हो रहा था, जिससे रोजाना हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

पुलिस के अनुसार, कई रेहड़ी संचालक बिना अनुमति मुख्य सड़कों पर वाहन खड़े कर कारोबार कर रहे थे, जिससे सड़कें संकरी हो जाती थीं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता था। अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी करने वालों को चेतावनी देने के साथ-साथ चालान भी काटे गए, जबकि कुछ वाहनों को मौके पर ही जब्त किया गया।

अभियान का असर तुरंत देखने को मिला। जिन इलाकों में पहले पीक ऑवर के दौरान लंबा जाम लगता था, वहां ट्रैफिक सुचारु रूप से चलता नजर आया। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय बाद शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग दें, ताकि शहर में सुगम यातायात व्यवस्था कायम रह सके।

> 'अभियान का मकसद किसी की रोजी-रोटी प्रभावित करना नहीं, बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाना है।
> — इंस्पेक्टर मनफूल सिंह

> 'रेहड़ी संचालकों को निर्धारित स्थानों पर ही व्यापार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी को सुविधा मिल सके।
> — पुलिस अधिकारी

# चंडीगढ़ तमिल संगम ने जरूरतमंद बच्चों में बांटे साइकिल्स, स्टेशनरी आइटम्स, शूज और बुक्स



चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। चंडीगढ़ तमिल संगम ने रविवार को भारती भवन सेक्टर 30 चंडीगढ़ में अपने 11वें वार्षिक 'विद्या दान' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। चंडीगढ़ तमिल संगम के जनरल सेक्रेटरी एस पी राजशेखरन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ट्राईसिटी के विभिन्न स्कूलों के 650 जरूरतमंद बच्चों को स्टेशबरी आइटम्स, बुक्स, शूज एंड बाईसाइकिल्स का वितरण किया गया। इस अवसर पर जे एम बालामुरुगन- आई ए एस मुख्य अतिथि थे। जनरल सेक्रेटरी एस पी राजशेखरन ने बताया कि चंडीगढ़ तमिल संगम एक प्रतिष्ठित संस्था है, जो पिछले 56 वर्षों से सामाजिक सेवा तथा अपनी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। चंडीगढ़ तमिल संगम विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से सामुदायिक कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा क्षेत्रीय सीमाओं से परे सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज चंडीगढ़ तमिल संगम द्वारा 650 जरूरतमंद बच्चों को 'विद्या दान' समारोह के तहत लाभान्वित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को 25 साइकल्स, 300 स्कूल बैग्स, 650 नोट बुक्स, 650 बुक्स तथा 650 स्टेशनरी आइटम्स और 200 शूज( जूते) वितरित किए गए। जिससे उन्हें आत्मविश्वास एवं प्रेरणा के साथ अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्य अतिथि जे एम बालामुरुगन ने कहा कि चंडीगढ़ तमिल संगम समाज के लिए एक नेक कार्य कर रहा है। उन्होंने श्विद्या दानश् पहल के माध्यम से वंचित बच्चों में शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों की शिक्षा का समर्थन करके राष्ट्र निर्माण के प्रति आपके समर्पण को देखकर बहुत खुशी होती है।

# राज्यसभा सांसद राजिंदर गुप्ता तीसरी बार अमेरिका में कराएंगे ओपन हार्ट सर्जरी

लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। राज्यसभा सांसद एवं ट्राइडेंट समूह के प्रमुख Rajinder Guptaएक बार फिर स्वास्थ्य कारणों से चर्चा में हैं। वे तीसरी बार अमेरिका में ओपन हार्ट सर्जरी करवाने जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार उनकी यह सर्जरी मंगलवार को अमेरिका के प्रसिद्ध Cleveland Clinic में निर्धारित की गई है। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम उनकी सर्जरी करेगी और पूरी प्रक्रिया अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के बीच संपन्न होगी। इस दौरान उनका पूरा परिवार भी अमेरिका में उनके साथ मौजूद है और उनकी देखभाल में जुटा हुआ है। राजिंदर गुप्ता देश के प्रमुख उद्योगपतियों में गिने जाते हैं और ट्राइडेंट समूह के माध्यम से उन्होंने उद्योग जगत में अपनी खास पहचान बनाई है। उनके स्वास्थ्य को लेकर उनके समर्थकों और परिचितों में चिंता के साथ-साथ उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की जा रही है।



## आप विधायक पठानमाजरा की कोर्ट में पेशी, 7 दिन का मिला रिमांड



पटियाला/यूटर्न/29 मार्च। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हरमीत पठानमाजरा को पटियाला पुलिस ने 5 दिन पहले गिरफ्तार कर लिया था। वह 2 साल पुराने रेप केस में वांटेड थे। पठानमाजरा केस दर्ज होने के बाद पहले हरियाणा के करनाल में घेरे गए थे। लेकिन वह कस्टडी से फरार हो गए थे। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया चले गए थे। पठानमाजरा को रविवार कोर्ट में पेश किया गया है। उनका 7 दिन का पुलिस रिमांड हासिल हुआ है। पुलिस ने उनका लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर रखा था। पठानमाजरा 2022 में पटियाला की सनौर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए हैं। केस में राहत के लिए पठानमाजरा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर रखी थी। इसकी सुनवाई आज ही होनी थी। इसी को लेकर वह करीब 9 दिन पहले ऑस्ट्रेलिया से भारत लौटे थे।

## पूर्व मंत्री भुल्लर को अदालत में किया पेश, कोर्ट ने 3 दिन के रिमांड पर भेजा, अब पुलिस करेगी पूछताछ



पंजाब/यूटर्न/29 मार्च। अमृतसर में वेयरहाउस के डीएम गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या में नाम आने के बाद मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले लालजीत भुल्लर को रविवार कोर्ट में फिर पेश किया गया। अदालत ने भुल्लर को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पिछले दिनों मामला दर्ज होने के बाद तीनों आरोपियों को अमृतसर की अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने पुलिस को पांच दिन का रिमांड दिया था। इस दौरान पुलिस ने उनसे पूछताछ की और मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की। वेयरहाउस के डीएम रंधावा ने 21 मार्च को अपने घर में सुसाइड किया था। पुलिस ने इस मामले में लालजीत भुल्लर, उनके पिता और पीए के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने का मामला दर्ज किया था। पिछले दिनों अमृतसर पुलिस ने फतेहगढ़ साहिब पुलिस की मदद से भुल्लर को मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार किया था।

### पुलिस ने रिमांड के दौरान जुटाए सबूत किए पेश

पांच दिन की रिमांड अवधि आज पूरी हो गई थी। पुलिस ने रिमांड के दौरान जुटाए गए सबूत और पूछताछ से संबंधित जानकारी अदालत के सामने पेश किए। लालजीत भुल्लर पहली बार विवादों में नहीं फंसे, इससे पहले भी वह लाल किला हिंसा, जातिवादी टिप्पणी से लेकर मंत्री बनते ही स्टंटबाजी को लेकर वह सुर्खियों में रह चुके हैं। हालांकि हर बार उन्हें पार्टी और सरकार का साथ मिलता रहा। कभी सफाई देकर तो कभी माफी मांगकर वह हमेशा बचते रहे। हालांकि इस बार वह सीधे अफसर के सुसाइड केस में फंस गए।

## लायन कंग ने डिस्ट्रिक्ट 321-डी के आगामी चुनाव संबंधी लायन राजीव विग से की चर्चा



शिव कौड़ा

फगवाड़ा/यूटर्न/29 मार्च। लायंस क्लब फगवाड़ा प्राइड के चार्टर प्रधान लायन गुरदीप सिंह कंग एम.जे.एफ. ने बटाला में लायंस इंटरनेशनल 321-डी के जी.एम.टी. कोऑर्डिनेटर लायन राजीव विग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने साल 2026-27 के लिए होने वाले डिस्ट्रिक्ट गवर्नरों के चुनाव संबंधी विचार-विमर्श किया। जानकारी देते हुए लायन गुरदीप सिंह कंग ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नरों की चुनाव संबंधी बैठक 8 और 9 अप्रैल को राम नगर (उत्तराखंड) में होने जा रही है, जिसमें लायन राजीव विग वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-2 के कैंडिडेट होंगे।

# डेराबस्सी-मोहाली बेल्ट को देश का अगला वित्तीय केंद्र बनाएंगे: सुखबीर बादल

## 2027 में सत्ता में आए तो IT, मेट्रो और इंडस्ट्रियल हब का वादा

डेराबस्सी/यूटर्न/29 मार्च। सुखबीर सिंह बादल ने ऐलान किया कि यदि शिरोमणि अकाली दल 2027 में सत्ता में आता है, तो मोहाली-जीरकपुर-डेराबस्सी-न्यू चंडीगढ़-खरड़ पट्टी को मुंबई और गुरुग्राम की तर्ज पर देश का अगला वित्तीय केंद्र बनाया जाएगा।

डेराबस्सी में आयोजित एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आईटी हब, पर्यटन आधारित प्रोजेक्ट और डेराबस्सी में औद्योगिक केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही पूरे इलाके को मेट्रो रेल नेटवर्क से जोड़ने, सड़कों का उन्नयन करने और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए विश्वस्तरीय ढांचा विकसित करने की योजना है।

उन्होंने कहा कि पांच वर्षों के भीतर इन परियोजनाओं को पूरा कर चंडीगढ़ के आसपास एक बड़े महानगर के रूप में इस क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। साथ ही अकाली दल सरकार के समय मोहाली में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना का जिक्र करते हुए कहा कि सत्ता में आने पर इसे अगले स्तर तक ले जाया जाएगा।

रैली में खराब मौसम और स्थान बदलने के बावजूद हजारों लोगों की भागीदारी रही। इस दौरान वरिष्ठ नेता एन के शर्मा भी मौजूद रहे।



### आप-कांग्रेस गठजोड़ पर निशाना

सुखबीर बादल ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हाल ही में ब्लॉक समिति चुनावों में मिलकर काम किया, जिससे साफ है कि दोनों पार्टियां 2027 के विधानसभा चुनाव भी साथ लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि इनका मकसद अकाली दल को सत्ता से दूर रखना है।

### केजरीवाल के बयान पर पलटवार

उन्होंने अरविंद केजरीवाल के उस बयान को झूठ बताया, जिसमें कहा गया था कि आप के सत्ता में न आने पर अन्य पार्टियां जनकल्याण योजनाएं बंद कर देंगी। बादल ने दावा किया कि पंजाब में अधिकांश योजनाएं अकाली दल सरकार के दौरान शुरू हुई थीं, जबकि मौजूदा सरकार ने कई योजनाओं में कटौती या उन्हें बंद किया है।

### स्थानीय मांगों पर भी किए वादे

बादल ने कहा कि अकाली दल की सरकार बनने पर जीरकपुर में अस्पताल, पीने के पानी के लिए नहरी जल, छतबीड़ में पर्यटन केंद्र, हंडेसरा को सब-तहसील और लालड़ू में लड़कियों का कॉलेज बनाया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र के स्कूलों में पढ़ाई के स्तर को भी बेहतर किया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सत्ता में आने पर एनके शर्मा को वित्त मंत्री बनाया जाएगा।

### किसानों और युवाओं के लिए घोषणाएं

बादल ने किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन, दिन में 12 घंटे बिजली आपूर्ति देने का वादा किया। साथ ही एक विश्व स्तरीय स्किल यूनिवर्सिटी स्थापित कर हर साल एक लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने की बात कही। उन्होंने युवाओं को 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण, बुजुर्गों के लिए 3100 रुपये मासिक पेंशन, शगुन योजना की राशि बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने और ग्रेजुएशन तक मुफ्त शिक्षा देने की घोषणा भी की।

### रैली में ये नेता रहे मौजूद

हीरा सिंह गाबड़िया, परविंदर सोहाणा, सरबजीत सिंह झिंजर, रविंदर खेड़ा, राजिंदर सिंह विर्क सनौर समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 116000 के बदले में रख ली डेड बॉडी, मानवाधिकार आयोग ने कराई रिलीज

## मरीज की मौत के 32 घंटे बाद भी डेड बॉडी पर कब्जा कर पैसे मांगता रहा अस्पताल

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। दयानंद मेडिकल कॉलेज एव अस्पताल की मैनेजिंग कमेटी में बिल न अदा होने के बदले में मृतक मरीज की डेड बॉडी को रोक रखने का एक और मामला सामने आया है प्राप्त विवरण के अनुसार अंबदेकर कालोनी निवासी गगनदीप (31) का डीएमसी अस्पताल में किडनी की बीमारी का इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। बकाया 1.16 लाख भुगतान न होने की वजह से परिवार को शव नहीं दिया जा रहा था रह था। मृतक के परिजनों ने किस सामाजिक संगठनों का कार्य कर्ताओं का द्वारा खटखटाया जैसे ही यह मामला मानवाधिकार आयोग के संज्ञान में आया उन्होंने पौराणिक टीम दयानंद अस्पताल भेज दी गौर तलब है कि एक और मृतक का शव परिवार को दिलवाने के लिए मानवाधिकार आयोग को हस्तक्षेप करना पड़ा। मृतक युवक की शुक्रवार सुबह मौत हो गई थी। उसके इलाज का एक लाख 16 हजार रुपए का बिल बकाया था। अस्पताल परिवार से बकाया बिल मांग रहा था जबकि परिवार के पास भुगतान के लिए पैसे नहीं थे। आखिरकार यह मामला मानवाधिकार आयोग पंजाब के पास पहुंचा, जिस पर आयोग ने अस्पताल में टीम भेजकर बॉडी रिलीज करवाई। मानवाधिकार आयोग को कई बार शव रिलीज करवाने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा। मृतक परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी छह महीने की बेटी व चार साल का बेटा है। वह पेंटर के तौर पर दिहाड़ी करके परिवार का पेट पालता था। परिवार ने जैसे तैसे करके उसके इलाज पर खर्च किया लेकिन अब उनके पास बकाया देने के लिए पैसे नहीं था। उल्लेखनीय की पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग पहले ही कह चुका है कि अस्पतालों द्वारा बिल की अदायगी ना होने पर भी मृतक मरीज के शव को रोके नहीं जा सकता ऐसा करना कानून का उल्लंघन है।




# चंडीगढ़ में युवक कमानीदार चाकू के साथ गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कमानीदार चाकू बरामद किया है। मामले में पुलिस स्टेशन मलोया में आर्म्स एक्ट की धारा 25, 54 और 59 के तहत एफआईआर नंबर 52 दर्ज की गई है। यह कार्रवाई हेड कांस्टेबल अजय कुमार की शिकायत पर की गई। पुलिस के अनुसार, 27 मार्च 2026 की रात करीब 11:15 बजे सेक्टर-38 वेस्ट स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक को काबू किया गया। पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान हरप्रीत सिंह उर्फ प्रीत (19), निवासी गांव शेरपुर, जिला मोगा (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी इस हथियार के साथ किस उद्देश्य से घूम रहा था।

# चंडीगढ़ में अवैध शराब के साथ व्यक्ति काबू, 58 क्वार्टर बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/29 मार्च। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौली जागरण क्षेत्र में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी शराब की खेप बरामद की है। पुलिस स्टेशन मौलीजागरां में एक्साइज एक्ट की धारा 61-1-14 के तहत एफआईआर नंबर 59 दर्ज की गई है। यह कार्रवाई एएसआई रमेश की शिकायत पर की गई। जानकारी के अनुसार, 28 मार्च 2026 की रात करीब 10:15 बजे पुलिस ने ट्रिब्यून कॉलोनी के पीछे, रायपुर खुर्द इलाके में छापेमारी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 'एम्पायर नंबर-1 मोटा संतरा' ब्रांड की 58 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजेश कुमार (44), निवासी सुंदर नगर पार्ट-2, मौलीजागरां चंडीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया, हालांकि बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी अवैध शराब कहां से लेकर आया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

# गांव डरोली कलां में खालसे के प्रगट दिवस के अवसर पर वार्षिक 61वां विशाल खूनदान कैंप 14 अप्रैल को लगाया जाएगा /जत्थेदार मनोहर सिंह अध्यक्ष, सुखजीत सिंह डरोली

दलजीत अजनोहा

हुशियारपुर//यूटर्न/29 मार्च। गांव डरोली कलां में गुरुद्वारा शहीद बाबा मत्ती साहिब जी के स्थान पर समूह नगर निवासी, ग्राम पंचायत, प्रवासी भारतीयों और क्षेत्रीय संगतों के सहयोग से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से खालसे के प्रगट दिवस के अवसर पर वार्षिक 61वां विशाल खूनदान कैंप 14 अप्रैल को लगाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रबंधकों ने बताया कि खालसा साजना दिवस विशाखी के पवित्र त्योहार पर गुरुद्वारा शहीद बाबा मत्ती साहिब जी डरोली कलां में 14 अप्रैल दिन मंगलवार को प्रात: 7 वजे से सांय 5 वजे तक गुरुद्वारा साहिब कमेटी के अध्यक्ष जत्थेदार मनोहर सिंह और समूह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और एन जी ओ दसवंध गरीबों लिए वेलफेयर सोसाइटी रजि. पंजाब की ओर से खालसा ब्लड यूनिट श्री अमृतसर साहिब जी के सहयोग से 61 वां स्वैच्छिक इच्छुक खूनदान कैंप लगाया जा रहा है। और इस खून दान कैंप में अपने खून दान के जरिए दूसरों को जीवन दान कर के खालसा साजना दिवस विशाखी मौके गुरुद्वारा शहीद बाबा मत्ती साहिब जी नतमस्तक हुए।



# पंजाब में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण

## महा-अभियान 2026 का भव्य आयोजन, कार्यकर्ताओं को दिया गया वैचारिक प्रशिक्षण

जीरकपुर/यूटर्न/29 मार्च। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के वैचारिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से ह्यपंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा-अभियान 2026ह्न के तहत जीरकपुर में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता मनजीत सिंह राय (पूर्व उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग) के नेतृत्व में किया गया, जिसमें प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेताओं एवं समर्पित कार्यकताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।




कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाना और कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा से और अधिक जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन और राष्ट्रवाद के प्रति प्रतिबद्धता पर विशेष जोर दिया। आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कार्यकताओं को बूथ स्तर पर पार्टी की नीतियों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया गया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है। प्रशिक्षण महा-अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता नए जोश और ऊर्जा के साथ जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र सेवा और जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# जनता नगर में बेखौफ चोरों का आतंक, दुकान का ताला तोड़ सामान गायब

सुनील पांडेय

लुधियाना / यूटर्न / जनता नगर में बीती रात चोरों ने एक दुकान पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने पंडित पैन भंडार नामक दुकान का शटर व ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे कीमती सामान सहित नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दुकान के मालिक अशोक तिवारी के अनुसार, वे रोजाना की तरह रात को अपनी दुकान बंद कर घर गए थे। सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्हें ताले टूटे हुए मिले। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले में रखी लगभग राशि ₹20,000 की नकदी गायब थी। इसके अलावा, चोरों ने दुकान से करीबन 60 हजार का सामान भी चोरी कर लिए हैं। दुकान के मालिक द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी। जिसके बाद पुलिस वहा पहुंच कर दुकान की फोटो खिच के चले गए और बोले की थाने आ कर शिकायत दर्ज करवा दीजिए। दुकान के मालिक द्वारा डिविजन नंबर 6 में शिकायत दर्ज करवा दी गई है और पुलिस द्वारा आश्वासन दिया गया है कि मामले की जांच कर आस पास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।






# रोमांचक 9-बॉल मुकाबलों में आडवाणी का जलवा, टॉप-8 खिलाड़ी तय

लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। लुधियाना में जारी मनीषा कंस्ट्रक्शंस नेशनल पूल चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों के 9-बॉल इवेंट का रोमांच अपने चरम पर पहुँच गया है। ह्यटॉप 16ह्न मुकाबलों के बाद अब क्वार्टर फाइनल के लिए शीर्ष 8 खिलाड़ी तय हो चुके हैं, और प्रतियोगिता निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुकी है। इस राउंड में सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन Pankaj Advani का रहा, जिन्होंने मौजूदा 10-बॉल नेशनल चैंपियन शिवम अरोड़ा को 8-2 से हराकर अपने दबदबे का शानदार प्रदर्शन किया। आडवाणी ने सटीकता और अनुभव का बेहतरीन मेल दिखाते हुए मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा।





दूसरी ओर, नितिन शर्मा ने दिन का सबसे तेज और एकतरफा मुकाबला खेलते हुए अभिजीत रानाडे को 8-1 से हराया। उनका आक्रामक खेल और दबाव में संयम देखने लायक रहा। कुशल चंद्रशेखर ने भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गगनदीप मक्कर को 8-4 से मात दी। करीबी मुकाबलों में सुमित तलवाड़ ने फैसल खान को 8-7 से हराया, जबकि कमल चावला और शोएब खान ने भी कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज की। अब 'टॉप 8' के साथ मुकाबले और भी रोमांचक होने वाले हैं, जहाँ हर खिलाड़ी खिताब के करीब पहुँचने के लिए पूरी ताकत झोंक देगा।




# पुलिस ने नाकाबंदी में दो सब-मशीन गन किए बरामद, गैंगस्टर ढिल्लों से जुड़ रहे तार

अमृतसर/यूटर्न/29 मार्च। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों की एक बड़ी खेप बरामद कर एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है।

यह कार्रवाई पंजाब में अपराध और देश-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत की गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक नाकाबंदी के दौरान दो अत्याधुनिक 9एमएम सब-मशीन गन और एक खाली मैगजीन जब्त की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस हथियार खेप के तार गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों से जुड़े हैं, जो लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बताया जा रहा है।




पुलिस का मानना है कि इन हथियारों का इस्तेमाल पंजाब के विभिन्न इलाकों में आपराधिक और देश-विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जाना था। समय पर की गई इस कार्रवाई से एक बड़े खतरे को टाल दिया गया।

## थाना छेहरटा में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज

इस मामले में थाना छेहरटा, अमृतसर में आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की पहचान करने और पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करने के लिए गहन जांच कर रही है। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है। पंजाब पुलिस ने दोहराया है कि राज्य में अवैध हथियार तस्करी, संगठित अपराध और देश-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ ₹जीरो टॉलरेंस₹ नीति सख्ती से लागू की जा रही है।

# बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के वाइस चांसलर डॉ राजीव सुद को सम्मानित करते हुए आयोजित

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 29 मार्च। एसोसिएशन ऑफ लुधियाना यूरोलॉजिस्ट्स (ALU) ने पंजाब यूरोलॉजी एसोसिएशन के साथ मिलकर रविवार को निवार्णा क्लब एंड रिसॉर्ट्स में एक सेमी-लाइव रोबोटिक वर्कशॉप का सफल आयोजन किया। इस वर्कशॉप में देश भर के जाने-माने यूरोलॉजिस्ट और एक्सपर्ट्स रोबोटिक और मिनिमली इनवेसिव यूरोलॉजिकल सर्जरी में हुई तरक्की पर बात करने के लिए इकट्ठा हुए। इस इवेंट में प्रैक्टिस करने वाले यूरोलॉजिस्ट, रेजिडेंट्स और युवा सर्जनों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। सेमिनार में बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के वाइस चांसलर डॉ राजीव सूद मुख्य मेहमान के तौर पर उपस्थित हुए।

ऑर्गेनाइजिंग कमिटी को डॉ. अरविंद गोयल (ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन) और डॉ. पुनीत बंसल (ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी) ने लीड किया, जिसमें डॉ. अवरीन शाह (को-ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी) का भी अहम योगदान रहा।

**वर्कशॉप की एकेडमिक हाइलाइट्स में शामिल थे:** सेमी-लाइव सर्जिकल सेशन जिसमें रेडिकल सिस्टेक्टॉमी, रेडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी, पार्शियल नेफ्रेक्टोमी, डोनर नेफ्रेक्टोमी और रीनल ट्रांसप्लांटेशन जैसे जरूरी प्रोसीजर दिखाए गए।

रोबोटिक प्रोग्राम और इंश्योरेंस/ CGHS/ आयुष्मान कवरेज सेट अप करने पर




एक्सपर्ट लेक्चर। आज के समय में लैप्रोस्कोपी की भूमिका, रोबोटिक प्लेटफॉर्म की तुलना और रोबोटिक सर्जरी की कॉस्ट-इफेक्टिवनेस पर एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया।

वर्कशॉप में डॉ. अमित शर्मा (वरअ), डॉ. अमलेश सेठ (AIIMS नई दिल्ली), डॉ. अनिल मंधानी (गुड़गांव), डॉ. अनूप कुमार (नई दिल्ली), डॉ. सीएम वड्डी (हैदराबाद), डॉ. राजीव सूद (फरीदकोट), डॉ. संतोषी नागनकर (मुंबई), डॉ. सुधीर रावल (नई दिल्ली), और डॉ. स्वपन सूद (जालंधर) जैसे जाने-माने नेशनल फैकल्टी शामिल थे।

यह इवेंट नॉलेज एक्सचेंज, स्किल बढ़ाने और यूरोलॉजी में रोबोटिक सर्जरी की बदलती भूमिका पर चर्चा के लिए एक कीमती प्लेटफॉर्म के तौर पर काम आया। पार्टिसिपेंट्स ने सेशन के दौरान शेयर किए गए हाई-क्वालिटी एकेडमिक कंटेंट और प्रैक्टिकल जानकारी की तारीफ की। एसोसिएशन ने इस तरह की एकेडमिक पहल के जरिए लगातार मेडिकल एजुकेशन को बढ़ावा देने और इलाके में यूरोलॉजिकल केयर को आगे बढ़ाने के अपने कमिटमेंट को फिर से दोहराया।

# रक्तदान जैसे कैंप समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं - एस एस खुराना

लुधियाना/यूटर्न/29 मार्च। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोला बाबा रत्न मुनि जैन युवा सोसायटी और मां वैष्णो देवी चैरिटेबल अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में 31 मार्च को भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 49वां विशाल राज्यस्तरीय रक्तदान कैंप आयोजित किया जाएगा। यह कैंप सुंदर नगर स्थित किंग पैलेस में लगाया जाएगा।कैंप को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोरों-शोरों से जारी हैं। आयोजकों द्वारा विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं और शहरवासियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने हेतु विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।इसी क्रम में एआईपीएल से हेमंत गुप्ता, अंसल



एस्टेट से एस.एस. खुराना, जनपथ से महेश गोयल, एजीआई कैम्बियम से हर्ष चैटली, एरिस्टोक्रेट से कृष्ण कुमार, कंगारू ग्रुप से विश्वा नीलम जैन, के बी ग्रुप से केतन बवेजा, शरमन जैन स्वीट्स से बिपन जैन, सिकंदर लाल जैन, सोना फेरो से संजय जैन सहित कई प्रमुख हस्तियों को निमंत्रण दिए गए हैं।इसके साथ ही युवा जागृति मंच से उमा दत्त शर्मा, भाजपा नेता महेश शर्मा, दीपू शर्मा, गोरा थापर, कपिल जोशी, मदन मोहन, हर्ष शर्मा और राकेश टंडन सहित शहर के गणमान्य व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया गया है। एस.एस. खुराना ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और इस तरह के कैंप समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने शहरवासियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।बिपन जैन ने कहा कि महावीर जयंती के पावन अवसर पर रक्तदान करना सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की जान बचाने में योगदान देना चाहिए।

# एक और विवादित बाबा: नासिक के ज्योतिषी अशोक खरात का मामला उठा रहा है चिंताजनक सवाल



नासिक के स्वयंभू ज्योतिषी अशोक खरात के खिलाफ मामला और भी गंभीर मोड़ ले चुका है। अब बलात्कार और धोखाधड़ी की दो और FIR दर्ज की गई हैं, जिससे उनके खिलाफ मामलों की कुल संख्या आठ हो गई है। जो मामला शुरू में सिर्फ धोखाधड़ी का लग रहा था, अब वह कथित यौन शोषण, आर्थिक हेरफेर और मानसिक नियंत्रण के एक परेशान करने वाले पैटर्न के रूप में सामने आ रहा है। पुलिस जांच के अनुसार, खरात कथित तौर पर उन कमजोर लोगों को अपना शिकार बनाता था जो अपनी निजी और भावनात्मक समस्याओं का समाधान ढूंढ रहे होते थे। एक आध्यात्मिक गुरु होने का ढोंग रचकर, उस पर आरोप है कि वह पहले लोगों का भरोसा जीतता था और फिर उन्हें प्रताड़ित करता था, अक्सर किसी अनुष्ठान या दैवीय हस्तक्षेप की आड़ में। जांचकताओं ने पाया है कि वह पीड़ितों को अपनी बात मानने और चुप रहने के लिए डराने-धमकाने का एक सोची-समझी रणनीति के तहत इस्तेमाल करता था, जिसमें दुर्भाग्य आने की धमकियां देना भी शामिल था।


संदीप शर्मा, सम्पादक

इस मामले का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। एक विशेष जांच दल अब खरात से जुड़े वित्तीय लेन-देन की जांच कर रहा है; बड़े पैमाने पर पैसों के लेन-देन का पता लगाने के लिए फोरेंसिक ऑडिट की संभावना भी है। उसके ठिकाने से बरामद सबूत, जिनमें अनुष्ठान से जुड़ी सामग्री और डिजिटल रिकॉर्ड शामिल हैं, एक बहुत ही सुनियोजित और धोखे से भरे तंत्र की ओर इशारा करते हैं। पुलिस अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में और भी पीड़ित सामने आ सकते हैं, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि अभी तक सामने आए मामले कथित गलत कामों का सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा ही हो सकते हैं।

फिर भी, यह मामला केवल कानून-व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा नहीं है। यह समाज की एक गहरी कमजोरी को भी उजागर करता है। इस तरह के मामले यह दिखाते हैं कि कैसे अंधविश्वास, जब डर और भावनात्मक संकट के साथ मिल जाता है तो धोखेबाजों के हाथों में एक शक्तिशाली हथियार बन सकता है। इस मामले के पीड़ितों को न केवल धोखा दिया गया; बल्कि उन्हें एक ऐसे तंत्र में फंसाया गया जहाँ उनका विश्वास धीरे-धीरे निर्भरता में बदल गया और वह निर्भरता अंततः नियंत्रण में तब्दील हो गई।

कड़वी सच्चाई यह है कि ऐसे लोग अकेले-अकेले नहीं पनपते, बल्कि ऐसे समाज में फलते-फूलते हैं जो अक्सर आध्यात्मिकता की आड़ में छिपी सत्ता या अधिकार पर सवाल उठाने से हिचकिचाता है। अपनी बात खुलकर कहने से जुड़ा सामाजिक कलंक विशेषकर यौन शोषण से जुड़े मामलों में यह सुनिश्चित करता है कि कई पीड़ितों की आवाज अनसुनी ही रह जाए। कई मामलों में, पीड़ितों को समाज द्वारा बहिष्कृत किए जाने या उनकी बात पर विश्वास न किए जाने का भी डर सताता है, जिससे अपराधियों को लंबे समय तक बिना किसी रोक-टोक के अपना काम जारी रखने का मौका मिल जाता है। हालांकि अब तक किसी भी तरह के राजनीतिक संबंधों की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इन कथित गतिविधियों का व्यापक दायरा और उनकी निरंतरता एक बड़ा सवाल खड़ा करती है: क्या ऐसे लोग सचमुच अकेले ही काम करते हैं, या फिर वे प्रभाव रखने वाले ऐसे अनौपचारिक तंत्रों (नेटवर्कों) का हिस्सा होते हैं जो उन्हें शुरूआती जांच-पड़ताल से बचने में मदद करते हैं? यह एक ऐसा पहलू है जिसकी जांच-पड़ताल शायद जांचकताओं द्वारा अभी की जानी बाकी है। जैसे-जैसे और शिकायतकर्ता सामने आएंगे, खरात के खिलाफ मामला और मजबूत हो सकता है। लेकिन इसका बड़ा सबक अदालत से परे है। आस्था को तर्क का विकल्प नहीं बनना चाहिए, और श्रद्धा कभी भी व्यक्तिगत गरिमा की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। जब तक समाज बेलगाम आध्यात्मिक सत्ता को चुनौती देना नहीं सीख जाता, तब तक इस तरह के मामले बार-बार दोहराए जाते रहेंगे। हर बार अलग-अलग चेहरों के साथ, लेकिन उसी दुखद ढर्रे पर।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372